• जयपुर, रविवार 20 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 321 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# 51 हजार से अधिक युवाओं को पीएम मोदी ने सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले- 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की अहम भूमिका

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेले के तहत विभिन्न सरकारी संगठनों में नियुक्त 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं को संबोधित किया और कहा कि आज भारत का युवा पूरे हौसले के साथ आगे बढ़ रहा है। अब सरकारी सेवा में रहते हुए उनकी जिम्मेदारी है कि वे देश के युवाओं की आकांक्षाओं को समझें और अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में त्योहारों का समय शुरू हो चुका है और इन खुशियों के बीच आज का दिन हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशी लेकर आया है। उन्होंने कहा कि देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को आज सरकारी सेवाओं में नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्त युवाओं से कहा कि वे जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके पीछे उनकी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता और परिजनों का भी योगदान और तपस्या शामिल है।

मोदी ने नवनियुक्त युवाओं और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि सरकारी सेवा में प्रवेश उनके जीवन की नई शुरुआत है। उन्होंने सभी को इस नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त युवा ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़ रहे हैं, जब देश एक बड़े राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है।






प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। सरकारी सेवा में रहते हुए उन्हें ऐसे सभी निर्णय लेने और कार्य करने चाा-हए, जो विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के अभियान को निरंतर मजबूत करें। उन्होंने कहा कि युवा होने के नाते नवनियुक्त कर्मचारियों की अन्य युवाओं के प्रति भी विशेष जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि आज भारतीय युवाओं की प्रतिभा और कौशल ने पूरी दुनिया का भरोसा जीता है। दुनिया को भारत के नवोन्मेषकों, उद्यमियों और युवाशक्ति से बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता का उपयोग देश की प्रगति और समाज की सेवा के लिए करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान एक कविता की पंक्तियां भी सुनाईं। उन्होंने कहा, सूरज हमारा हो, समंदर भी हमारा हो। नाव हमारी हो, नाविक भी हमारा हो। लहरों पर विजय लिखें, वो हौसला हमारा हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत का युवा इसी हौसले के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नवनियुक्त युवाओं से कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्हें देश के युवाओं की आकांक्षाओं को समझते हुए अपनी भूमिका का पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से सरकारी सेवाओं में युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त कर्मचारी अपनी प्रतिभा, कौशल और ऊर्जा का उपयोग देश की सेवा में करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## न्यूज़ अपडेट

### 14 न्यायिक अधिकारियों की उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश और अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति

● दिल्ली, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख, झारखंड और कर्नाटक उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां

**नई दिल्ली/एजेंसी।** राष्ट्रपति ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद दिल्ली, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख, झारखंड तथा कर्नाटक उच्च न्यायालयों में कुल 14 न्यायिक अधिकारियों को न्यायाधीश और अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, दिल्ली उच्च न्यायालय में श्रीमती निवेदिता अनिल शर्मा और श्रीमती निशा सहाय सक्सेना को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं संजय शर्मा, भरत पराशर, डॉ. (श्रीमती) अदिति चौधरी, दिनेश भट्ट और अरुण भारद्वाज को दिल्ली उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय में यश पॉल बॉर्नी को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं झारखंड उच्च न्यायालय में मनोज प्रसाद को न्यायाधीश बनाया गया है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय में अखिल कुमार, राम शर्मा और श्रीमती उषारानी को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा के. एस. भरत कुमार और श्रीमती नेराले वी. भवानी को कर्नाटक उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## एनएलएमसी की 21वीं बोर्ड बैठक में 5,000 करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण प्रस्तावों की अनुशंसा

● अधिशेष भूमि और भवनों के शीघ्र एवं पारदर्शी मुद्रीकरण पर जोर, वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक वित्तीय विवरण और निदेशकों की रिपोर्ट को मंजूरी

नई दिल्ली/एजेंसी।

राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम लिमिटेड (एनएलएमसी) के निदेशक मंडल की 21वीं बैठक 18 सितंबर को आयोजित हुई। बैठक में निगम के चल रहे परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यक्रम, वित्तीय प्रदर्शन और विभिन्न संस्थागत पहलों की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों से संबंधित मुद्रीकरण प्रस्तावों पर विचार कर उनकी अनुशंसा की गई।

इन प्रस्तावों में मुद्रीकरण के लिए चिन्हित अधिशेष भूमि और भवन परिसंपत्तियां शामिल हैं। इन्हें सरकार की अल्प उपयोग में आ रही तथा अधिशेष परिसंपत्तियों के मूल्य को सामने लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बोर्ड ने संबंधित परिसंपत्तियों के शीघ्र और पारदर्शी मुद्रीकरण पर विशेष जोर दिया।

बैठक में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) और अन्य सरकारी संस्थाओं की अधिशेष परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने में एनएलएमसी द्वारा की जा रही प्रगति की भी समीक्षा की गई। निगम उपयुक्त परिसंपत्तियों की पहचान, आवश्यक जांच-पड़ताल, मूल्यांकन तथा पारदर्शी एवं प्रभावी मुद्रीकरण प्रक्रिया तैयार करने के लिए परिसंपत्ति स्वामी संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रहा है। एनएलएमसी की ओर से बोर्ड को विभिन्न परिसंपत्ति स्वामी संस्थाओं में चल रही मुद्रीकरण गतिविधियों की गति और प्रगति से अवगत कराया गया।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुद्रीकरण की प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा कार्यान्वयन से जुड़ी आवश्यकताओं को समय पर पूरा किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि चिन्हित परिसंपत्तियों को उचित, पारदर्शी और मूल्य आधारित तंत्र के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए।

बोर्ड ने अब तक हुई प्रगति की सराहना करते हुए अधिशेष परिसंपत्तियों का समयबद्ध मुद्रीकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित हितधारक संस्थाओं के साथ समन्वय और मजबूत करने पर जोर दिया।

## नाले में बही श्रद्धालुओं से भरी कार, आठ की मौत

आगर मालवा/एजेंसी

मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के समीप तेज बारिश के बाद उफने बरसाती नाले में श्रद्धालुओं से भरी एक कार बह गई। दर्दनाक हादसे में कार सवार सभी आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे और



दो महिलाएं शामिल हैं। सभी श्रद्धालु मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन के लिए नलखेड़ा पहुंचे थे।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में रात के समय मूसलाधार बारिश हुई थी। इसके चलते मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित बरसाती नाले में पानी का स्तर तेजी से बढ़ गया और बहाव बेहद तेज हो गया। इसी दौरान मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की कार नाले के पास से गुजर रही थी।




## विकासशील देशों पर कार्बन उत्सर्जन का अनुचित दोष मढना ठीक नहीं: मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उच्च कार्बन उत्सर्जन के आरोपों को लेकर भारत सहित विकासशील देशों का पुरजोर बचाव करते हुए कहा कि जलवायु कार्रवाई की नीतियां बनाते समय विकसित और विकासशील देशों के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन में अंतर को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भी भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की ओर से आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देशों पर अक्सर कार्बन उत्सर्जन के लिए अनुचित दोष मढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में अधिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए, क्योंकि उनका प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन विकासशील दे-शों की तुलना में करीब छह गुना अधिक है।



### भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत के आधे से भी कम : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने पेरिस समझौते के तहत तय लक्ष्यों को निर्धारित समय से काफी पहले हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा, हम जी-20 देशों में एकमात्र ऐसे राष्ट्र हैं, जिसने अपनी समय-सीमा से बहुत पहले ही पेरिस समझौते (सीओपी-21) की प्रतिबद्धताओं को पूरा कर लिया है।

उन्होंने कहा कि भारत पर्यावरण संरक्षण और जलवायु लक्ष्यों को लेकर अपनी वैश्विक प्रतिबद्धता को लगातार प्रदर्शित कर रहा है। इस दिशा में देश में घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने, बिजली से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने, हाइड्रोजन ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत अब तक 50 लाख घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अकेले सौर ऊर्जा के माध्यम से करीब 20 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत में बिजली से चलने वाले वाहनों की बिक्री में 950 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। वहीं, देश का मेट्रो रेल नेटवर्क भी 1,000 किलोमीटर से अधिक हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये प्रयास स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ परिवहन की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक जलवायु कार्रवाई की नीतियां तय करते समय विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के अंतर को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित देशों को अपनी अधिक जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों में अधिक योगदान देना चाहिए।

## संपादकीय

# लापरवाह रुख क्यों अपनाया?

तो सवाल उठेगा कि निर्वाचन आयोग ने आम जन और विपक्ष के मन से संदेह दूर करने का क्या प्रयास किया है? जब कभी ऐसे सवाल उठे, आयोग ने उनके प्रति लापरवाह रुख क्यों अपनाया?

कम–से–कम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के मामले में निर्वाचन आयोग इससे अवगत है कि इनको लेकर आम लोगों के मन में कई सवाल हैं। यह बात खुद आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कही है। मुद्दा ईवीएम वोटों की गिनती में 'टोटलाइजर' के इस्तेमाल का है। एक जन हित याचिका में इसके उपयोग का निर्देश देने की गुजारिश की गई है। टोटलाइजर मशीन पोलिंग बूथों की ईवीएम कंट्रोल इकाइयों को जोड×कर वोटों की समग्र गिनती कर देती है। यानी बूथों की अलग–अलग गिनती की जरूरत नहीं पड़ती। इस पर अपना पक्ष रखते हुए आयोग ने कहा– 'यह कहना प्रासंगिक होगा कि जिस समय ईवीएम की कार्य–पद्धति और साख पर बार–बार सार्वजनिक प्रश्न उठाए जा रहे हैं, टोटलाइजर जैसी नई और अब तक अविनियमित मशीन को जोडऩे से नए आरोप और नए विवाद खड़े हो सकते हैं।' तो सवाल उठेगा कि यह अहसास होने के बावजूद आयोग ने आम जन और विपक्ष के मन से संदेह दूर करने का क्या प्रयास किया है?

जब कभी ऐसे सवाल उठाए गए, आयोग ने उनके प्रति लापरवाही का इजहार क्यों किया? और बात सिर्फ ईवीएम की नहीं है। साख के उससे भी बड़े प्रश्न मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में उठे हैं। महाराष्ट्र की जारी नई ड्राफ्ट सूची का उल्लेख करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने पूछा है– 'अब महाराष्ट्र में 2.07 करोड़ मतदाताओं को ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर कर दिया गया है– यानी हर पांचवां वोटर। लोकसभा 2024: 9.29 करोड़। विधानसभा 2024: 9.7 करोड़। एसआईआर 2026: 7.78 करोड़। कौन–सी लिस्ट सही थी?' राहुल गांधी ने जवाब दिया– 'मैंने तब भी कहा था, आज भी कहता हूं: यह वोट चोरी थी।' उन्होंने ध्यान दिलाया कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर में जिन नामों को काटा गया, उनमें से 91 प्रतिशत नाम अपील के बाद वापस जोडऩे पड़े। बहरहाल, इस बीच विधानसभा चुनाव हो चुका था! यानी बात सिर्फ सवाल और संदेह की नहीं है। विपक्ष का सीधा आरोप वोट चोरी का है। क्या ये आयोग की जवाबदेही नहीं है कि उचित स्पष्टीकरण पेश कर वह सबका भरोसा हासिल करने के प्रयास करे?

## कौशल, रोजगार, स्टार्टअप और आधुनिक शिक्षा पर सरकार का जोर, 18 हजार से अधिक युवाओं को मिला प्रशिक्षण

- 9 हजार सरकारी पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया
- छत्तीसगढ़ सरकार की रोजगार और कौशल विकास पहल से युवाओं को मिल रहे अवसर

**धनंजय राठौर।** युवाओं को विकास के केंद्र में रखते हुए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार कौशल विकास, रोजगार, उच्च शिक्षा, उद्यमिता और खेल क्षेत्र में अवसरों का विस्तार कर रही है। पिछले करीब तीन वर्षों में जब से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्ता संभाली है, युवाओं को सक्षम, रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं और पहल शुरू की हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य शिक्षा और प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ते हुए राज्य की युवा आबादी को विकास की नई ताकत में बदलना है। लक्ष्य केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें कुशल, आत्मनिर्भर, नवाचारी और भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार मानव संसाधन के रूप में विकसित करना है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राज्य के 26 जिलों में करीब 18 हज़ार 330 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस पर लगभग 29 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं, 35 हजार और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य सरकार ने युवाओं के कौशल विकास के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है, ताकि प्रशिक्षण को उद्योगों और बाजार की बदलती जरूरतों के अनुसार बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, युवा छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत और भविष्य की उम्मीद हैं। हमारा प्रयास है कि हर युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, अवसर और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध हो। युवा सशक्तीकरण विकसित छत्तीसगढ़ के हमारे विजन का केंद्र है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप है।

# नरेंद्र मोदी के जनसेवा के बेमिसाल 25 वर्ष : सत्ता की नहीं, सेवा की यात्रा

## सेवा से सुशासन तक, झारखंड के विकास से विकसित भारत की अनवरत यात्रा

● **बाबूलाल मरांडी**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी 76 वर्ष के हो गए। यह तिथि दो मायनों में विशेष है। एक तो सृष्टि शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जन्म जयंती का पावन अवसर और दूसरा नए भारत के शिल्पकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन। भारतीय राजनीति के सार्वजनिक जीवन में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका जीवनकाल केवल पद और सत्ता तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह अपने ऐतिहासिक कार्यों से करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा इसी संकल्प, सेवा और राष्ट्र निर्माण की कहानी है। सार्वजनिक जीवन में किसी व्यक्ति की उपलब्धियों का इतना लंबा कालखंड सामान्य पड़ाव नहीं होता। यह उस विचार, कार्यशैली और नेतृत्व की परीक्षा का अवसर होता है, जिसने देश की राजनीति और शासन को प्रभावित किया हो। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

7 अक्टूबर, 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद लगभग 13 वर्षों तक गुजरात का नेतृत्व और फिर 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सेवा। यह यात्रा केवल पदों की यात्रा नहीं है, बल्कि एक कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बनने तक सेवा को राजनीति का आधार बनाने की यात्रा है। प्रधानमंत्री के रूप में 25 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए स्वयं नरेंद्र मोदी ने भी इसे देशवासियों के विश्वास और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता का अवसर बताया था।

आज जब हम इस यात्रा को देखते हैं तो एक बात स्पष्ट दिखाई देती है कि मोदी के लिए विकास केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि सामान्य नागरिक के जीवन में दिखाई देने वाला परिवर्तन है।

**राजनीति का केंद्र बदला, प्राथमिकताएँ बदलीं**

एक समय देश में सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना सबसे बड़ी चुनौती माना जाता था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनधन खातों से लेकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक, उज्ज्वला से लेकर स्वच्छ भारत तक, आयुष्मान भारत से लेकर जल जीवन मिशन तक, गरीबों के आवास से लेकर डिजिटल सेवाओं तक, सरकार ने योजनाओं की पहुँच को अंतिम छोर तक ले जाने का प्रयास किया। यह बदलाव केवल योजनाओं की संख्या का नहीं है। असली बदलाव यह है कि गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित समाज विकास की चर्चा के केंद्र में आए। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास को शासन की राजनीतिक भाषा बनाया। आज इसी सोच का विस्तार विकसित भारतञ्च2047 के संकल्प में दिखाई देता है।

**झारखंड के लिए मोदी युग का अर्थ**

झारखंड की राजनीति और समाज को समझने वाला व्यक्ति यह अच्छी तरह जानता है कि इस राज्य की सबसे बड़ी विडंबना क्या रही है। हमारे पास अपार खनिज संपदा है, जल-जंगल-जमीन है, मेहनतकश लोग हैं, समृद्ध जनजातीय संस्कृति है, लेकिन दशकों तक बुनियादी सुविधाओं और बड़े संस्थानों के मामले में झारखंड अपेक्षाकृत पीछे रहा। ऐसे में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कार्यकाल में झारखंड में जिन बड़ी परियोजनाओं को गति मिली, उनका महत्व केवल किसी एक शहर या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। वे राज्य की विकास-यात्रा की दिशा बदलने वाली परियोजनाएँ हैं।देवघर एम्स इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। केंद्र सरकार ने 2018 में देवघर में एम्स स्थापित करने की मंजूरी दी थी, जिसके लिए ?1,103 करोड़ का प्रावधान किया गया था। प्रस्तावित संस्थान में 750 बेड का अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज तथा सुपर-स्पेशियलिटी सुविधाओं का प्रावधान किया गया। 2022 में देवघर में एम्स की इन-पेशेंट और ऑपरेशन थिएटर सेवाओं की शुरुआत तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास ने यह संदेश दिया कि झारखंड में भी देश के सर्वोच्च चिकित्सा संस्थानों की सुविधाएँ उपलब्ध हो सकती हैं। उसी अवसर पर देवघर में 16,800 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ।

**देवघर एयरपोर्ट : बाबा धाम से विकास की नई उड़ान**

देवघर एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं है। यह झारखंड की धार्मिक पर्यटन क्षमता, व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए एक नया द्वार है। 12 जुलाई 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवघर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। लगभग ?400 करोड़ की लागत से विकसित इस एयरपोर्ट में ष्ठक्रष्ठह्र की ओर से ?200 करोड़ का अनुदान भी शामिल था। इसके बाद दिल्ली-देवघर सीधी हवाई सेवा शुरू हुई। केंद्र सरकार ने उस समय यह भी बताया था कि झारखंड में अन्य हवाई संपर्कों के विस्तार पर काम किया जा रहा है।

इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि अब लोग विमान से देवघर पहुँच सकते हैं। इसका अर्थ है कि बाबा बैद्यनाथ धाम की अर्थव्यवस्था, होटल उद्योग, स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के लिए नए अवसरों का दरवाजा खुला है।

**बिरसा मुंडा को झारखंड से निकालकर राष्ट्रीय चेतना का नायक बनाना**

झारखंड की आत्मा को समझना हो तो भगवान बिरसा मुंडा को समझना होगा। वे केवल एक जनजातीय नायक नहीं, बल्कि स्वाभिमान, संघर्ष और स्वतंत्रता के प्रतीक हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। 15 नवंबर 2021 को रांची में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन भी हुआ।इस निर्णय का राजनीतिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत बड़ा है। जिस राज्य में बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी, उसी राज्य से उनकी स्मृति को राष्ट्रीय गौरव के रूप में स्थापित करना यह बताता है कि भारत का इतिहास केवल कुछ चुनिंदा अध्यायों का इतिहास नहीं है। जनजातीय समाज के संघर्ष, बलिदान और योगदान भी भारतीय राष्ट्र की निर्माण गाथा के अभिन्न हिस्से हैं। यही कारण है कि जनजातीय गौरव दिवस केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के पुनर्पाठ और जनजातीय अस्मिता को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**झारखंड के लिए विकास का मतलब केवल खनिज नहीं**

झारखंड को लंबे समय तक खनिजों की भूमि के रूप में देखा गया। लेकिन आज आवश्यकता है कि झारखंड को मानव संसाधन, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीक और जनजातीय प्रतिभा की भूमि के रूप में भी पहचाना जाए। मोदी सरकार की नीतियों ने इस दिशा में आधार तैयार किया है। देवघर में एम्स स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करता है। एयरपोर्ट पर्यटन और व्यापार को गति देता है। जनजातीय गौरव दिवस और बिरसा संग्रहालय हमारी पहचान और इतिहास को राष्ट्रीय विमर्श में स्थापित करते हैं। लेकिन हमें यहीं रुकना नहीं है। इन परियोजनाओं को रोजगार, निवेश और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोडऩा होगा। झारखंड के युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना होगा। हमारी जनजातीय प्रतिभाओं को शिक्षा और तकनीक से जोडऩा होगा। हमारे पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोडऩा होगा।मोदी जी की विकास दृष्टि का लाभ झारखंड को तभी पूरी तरह मिलेगा, जब राज्य सरकार भी उसी गति, पारदर्शिता और इच्छाशक्ति के साथ काम करे।

**निर्णय लेने का साहस भी मोदी युग की पहचान**

नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों को केवल विकास योजनाओं से समझना अधूरा होगा। इस दौर में कई ऐसे निर्णय हुए, जिन्होंने देश की राजनीति और नीति की दिशा पर गहरा प्रभाव डाला। अनुच्छेद 370 में बदलाव, नई शिक्षा नीति, जीएसटी, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण, महिला सशक्तीकरण से जुड़े कानून, गरीब कल्याण की योजनाएँ और कोविड महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान–इन सभी ने भारत के शासन मॉडल को प्रभावित किया। इन निर्णयों पर राजनीतिक मतभेद और बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं। लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि नरेंद्र मोदी ने निर्णय लेने वाली सरकार और दीर्घकालीन लक्ष्य वाली राजनीति की संस्कृति को मजबूत किया।

**दुनिया में बढ़ा भारत का आत्मविश्वास**

पिछले वर्षों में भारत की वैश्विक भूमिका भी बदली है। जी-20 की अध्यक्षता से लेकर वैश्विक दक्षिण की आवाज उठाने तक, भारत ने स्वयं को केवल वैश्विक व्यवस्था का दर्शक नहीं, बल्कि उसमें सक्रिय भूमिका निभाने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया है। आज भारत की अर्थव्यवस्था, डिजिटल क्षमता, अंतरिक्ष कार्यक्रम, रक्षा उत्पादन और वैश्विक कूटनीति पर दुनिया की नजर है। यह बदलाव केवल दिल्ली की कहानी नहीं है। जब भारत मजबूत होता है तो झारखंड जैसे राज्यों के लिए भी निवेश, बाजार, बुनियादी ढाँचे और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं।

**25 वर्ष का पड़ाव, अगले 25 वर्षों का संकल्प**

नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने का अर्थ यह नहीं कि यात्रा पूरी हो गई। वास्तव में यह अगले और अधिक महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत है। 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, तब हमारा लक्ष्य केवल बड़ा भारत नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर, सक्षम और आत्मविश्वासी भारत होना चाहिए। झारखंड के लिए इस लक्ष्य का अर्थ और भी बड़ा है। हमें अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए पर्यावरण और विकास में संतुलन बनाना होगा। जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा में भागीदार बनाना होगा। युवाओं को शिक्षा और रोजगार देना होगा। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ानी होगी। स्वास्थ्य और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारनी होगी।

और इसके लिए केंद्र और राज्य के बीच राजनीतिक टकराव नहीं, बल्कि झारखंड के हित में विकास की साझेदारी आवश्यक है।

**सेवा से सुशासन और सुशासन से विकसित भारत**

नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक यात्रा को

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

मेष राशि वालों आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बीतेगा। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। साथ ही आज आपको बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन भी करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के कई मौके आपके हाथ लगेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज आपको किसी वरिष्ठ व्यक्ति का साथ मिलेगा, जिनके अनुभव और सलाह से आपकी समस्या हल होगी।

शुभ रंग – नारंगी, शुभ अंक – 4

### वृष राशि:

वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे और आप सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। आज आपको मीडिया क्षेत्र में अच्छा लाभ मिलने के साथ ही बड़े अवसर भी प्राप्त होंगे। इस राशि के प्राइवेट जॉब में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

शुभ रंग – पीला, शुभ अंक – 1

### मिथुन राशि:

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा और आपके क्लाइंट के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा तथा आज आपको संतान पक्ष से खुशखबरी प्राप्त हो सकती है। आज आप किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे, जिससे उपचार बेहतर ढंग से हो। आज आप किसी कलीग की मदद से ऑफिस के पेंडिंग काम को पूरा करेंगे, आपके टीम वर्क से बॉस बहुत खुश होंगे।

शुभ रंग – मैजेंटा, शुभ अंक – 5

### कर्क राशि:

कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। इस राशि के विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के अनुरूप बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में ख़ुशी का माहौल बनेगा। साथ ही धार्मिक कार्यों में आज आप बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेंगे। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज जरूरत से ज्यादा खर्चो पर रोक लगाना भी जरूरी है।

शुभ रंग – आड़ू, शुभ अंक – 9

### सिंह राशि:

सिंह राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी, रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। साथ ही आपके दांपत्य जीवन में आपसी ताल–मेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे और आपकी पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। आज आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे और किसी से लिया कर्ज आज आप वापस करेंगे। आज आप दोस्तों के साथ बाहर डिनर करने जायेंगे, जिससे आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

शुभ रंग – गुलाबी, शुभ अंक – 6

### कन्या राशि:

कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे, जिससे आपकी जान–पहचान बड़े व्यक्तियों से होगी। आज इस राशि के फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा, आपको ऑनलाइन माध्यम से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। साथ ही आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज आपको संतान पक्ष से अच्छी खबर मिलेगी और आपके शत्रु परास्त होंगे।

शुभ रंग – मैरून, शुभ अंक – 3

### तुला राशि:

तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। आज आपकी आय में बढ़ोतरी होगी और आपकी सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी। इस राशि के विद्यार्थी आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे, जल्द ही आपको सिलेक्शन मिलेगा। आज आप भावनाओं में बहकर किसी भी निर्णय को लेने से बचें अन्यथा कोई आपको अपनी बातों में उलझा सकता है।

शुभ रंग – लाल, शुभ अंक – 8

### वृश्चिक राशि:

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जो अविवाहित हैं उनके विवाह के लिए जल्द ही अच्छे रिश्ते आयेंगे। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे, उनसे अपने मन की बात शेयर करेंगे। आज आपको किसी कानूनी मामले में बड़ी राहत मिलेगी, जिससे आपका मानसिक बोझ हल्का होगा।

शुभ रंग – मैजेंटा, शुभ अंक – 8

### धनु राशि:

धनु राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल–मेल बना रहेगा। साथ ही आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आज आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे, जिससे आपको बेहतर सुझाव मिलेंगे। आज संतान पक्ष से आपको सुखद समाचार मिल सकता है, जिससे परिवार में उत्साह भरा माहौल रहेगा। कुल मिलाकर आज का दिन ठीक बीतेगा।

शुभ रंग – हरा, शुभ अंक – 9

### मकर राशि:

मकर राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी के साथ आपकी गलतफहमी दूर होगी और आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन अध्यात्म में थोड़ा ज्यादा लगेगा, आप पास के ही मंदिर में कुछ वक्त गुजारेंगे जिससे मन शांत होगा। इस राशि के स्टेशनरी का कारोबार कर रहे व्यक्तियों को आज अच्छा मुनाफा मिलेगा।

शुभ रंग – मैरून, शुभ अंक – 4

### कुम्भ राशि:

कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपको घर के बड़ों से आगे बढऩे की राय मिलेगी, जो आपके बहुत काम आयेगी। आज इस राशि के लेखकों की बुक पब्लिश होगी, जिसके लिए उसको अवॉर्ड भी मिलेगा। आज अपने आप को एकदम फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा, साथ ही कुछ और शुरू करने का मन बनायेंगे।

शुभ रंग – लाल, शुभ अंक – 1

### मीन राशि:

मीन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी खास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफलता प्राप्त होगी। आज पूरा दिन आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, आय के नए स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज आप बेवजह की बातों से दूरी बनाकर रखें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

शुभ रंग – गुलाबी, शुभ अंक – 3

## सू- दोकू क्र.165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.164 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -165

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे–धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 164 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## संक्षिप्त समाचार

### फलौदी। पांचाराम डारा जिला स्तर पर 23 सितंबर व उपखंड स्तर पर 24 सितंबर को लॉटरी:-



**चमकता राजस्थान** जिले में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों के लिए जिला स्तर पर जिला परिषद सदस्य,प्रधान व पंचायत समिति सदस्य की आरक्षण लॉटरी 23 सितंबर 2026 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे प्रस्तावित हैं। सभी उपखंड स्तर पर सरपंच एवं वार्ड पंच की लॉटरी 24 सितंबर को प्रस्तावित हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका तलानिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### सैंट जैवियर पब्लिक स्कूल में समाज सेवा व व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन




**चमकता राजस्थान** विष्णु दत्त व्यास / भीनमाल। शहर के सैंट जैवियर पब्लिक स्कूल में आज विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ सामाजिक सेवा के अन्तर्गत विधालय व आसपास की सफाई अभियान किया गया।कक्षा कक्ष को अच्छी तरह सजाया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न व्यंजनों को भी बच्चों ने तैयार किये ।सभी प्रतियोगिता का निर्णय निर्णायक मण्डल श्री टीकाराम भाटी अध्यक्ष एस एस पी भीनमाल व गजेन्द्र सिंह राव द्वारा पारदर्शिता के साथ निर्णय किये गये जिसमें प्रथम कवि माघ दल रहा द्वितीय सुभाष दल व तृतीय प्रताप दल रहा । प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता शर्मा ने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ शैक्षणिक गतिविधियों व सामाजिक सेवा कार्य करने हेतु प्रेरित किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन रानी व्यास ने किया। कार्यक्रम में नीतु कुमारी, जोशना, हैदर अली, विक्रम सिंह, शाहरुख खान , निलेश कुमार आदि स्टाफ साथी उपस्थित थे।

### पेड़-पौधों से प्रेम ही प्रकृति के प्रति सच्ची भावना : हरियाली बढ़ाने का संदेश

- साक्षी शुभांशु बिरला भीलवाड़ा

**चमकता राजस्थान** महेश कुमार बिड़ला /मीडिया प्रभारीमांडल भीलवाड़ा पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। स्वच्छ हवा, बेहतर वातावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना और उनकी नियमित देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रकृति के प्रति प्रेम केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संभालना भी हमारी जिम्मेदारी है।




आज आवश्यकता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए।

छोटे-छोटे प्रयास मिलकर पर्यावरण संरक्षण की बड़ी पहल बन सकते हैं। पेड़ हमें बिना किसी अपेक्षा के छाया, फल, ऑक्सीजन और जीवनदायी वातावरण प्रदान करते हैं।

साक्षी शुभांशु बिड़ला, भीलवाड़ा ने कहा कि प्रकृति की सेवा वास्तव में आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सेवा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं, जल संरक्षण करें और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लें।

# फर्टिलिटी रेगुलेशन नियंत्रण नहीं, महिलाओं को अधिकार देने की पहल:डॉ.अंजू सोनी

- फोगसी फर्टिलिटी रेगुलेशन कॉन्क्लेव के दूसरे दिन एक्सपर्ट्स ने रखे अपने विचार
- प्रजनन स्वास्थ्य, सुरक्षित विकल्प और महिला-केंद्रित परिवार नियोजन पर मंथन

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (फोगसी) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फोगसी फर्टिलिटी रेगुलेशन कॉन्क्लेव-2026 के दूसरे दिन शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में विभिन्न एक्सपर्ट्स ने अपने विचार रो। इस दौरान फोगसी की उपाध्यक्ष एवं कॉन्क्लेव की आयोजन अध्यक्ष डॉ.अंजू सोनी ने कहा कि फर्टिलिटी रेगुलेशन को अक्सर केवल जनसंख्या नियंत्रण के नजरिए से देखा जाता है, जबकि इसका वास्तविक उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रजनन क्षमता और जीवन से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार देना है।

उन्होंने कहा कि हर महिला को यह अधिकार होना चाहिए कि वह कब मां बनना चाहती है, कितने बच्चों की योजना बनाना चाहती है और अपने स्वास्थ्य, परिवार एवं परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले सके। फर्टिलिटी रेगुलेशन का उद्देश्य अनचाही गर्भावस्था को रोकने, सुरक्षित विकल्पों की जानकारी उपलब्ध कराने, अनावश्यक गर्भसमापन की आवश्यकता कम करने और परिवार नियोजन को महिला-केंद्रित बनाने पर जोर देना है। बता दें कि इस राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देशभर के स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विशेषज्ञ, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स प्रजनन स्वास्थ्य, फर्टिलिटी रेगुलेशन और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन कर रहे हैं।




**जागरूकता और सही परामर्श पर जोर**

डॉ.सोनी ने कहा कि जागरूकता, सही परामर्श और आधुनिक चिकित्सा विकल्पों की उपलब्धता से महिलाएं अपने लिए बेहतर और सूचित फैसले ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि फर्टिलिटी पर नियंत्रण का दृष्टिकोण नहीं, बल्कि फर्टिलिटी से जुड़े निर्णयों में महिला का अधिकार और उसकी पसंद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव इसी सोच के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को अपनी प्रजनन यात्रा से जुड़े निर्णयों में जागरूक और सक्षम बनाने पर जोर दिया जाएगा।

**वैज्ञानिक सत्रों और प्रशिक्षण का आयोजन**

कॉन्क्लेव में प्री-सम्मिट रिप्रोडक्टिव हेल्थ फोरम, वैज्ञानिक सत्र, कौशल आधारित कार्यशालाएं, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सा विशेषज्ञों के बीच नवीनतम ज्ञान और कौशल का आदान-प्रदान हो रहा है। साथ ही समाज में प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर रहेगा। यह कॉन्क्लेव महिलाओं को जागरूक, सक्षम बनाने और अपनी प्रजनन यात्रा से जुड़े निर्णयों में भागीदार बनाने की दिशा में केंद्रित है।

## दरगाह हजरत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी र.अ. में छठी शरीफ अकीदत व अजमत के साथ मनाई गई

**चमकता राजस्थान**

रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर। छठी के मुबारक मौके पर नियाज़ों देग तकसीम हुई। हजरत सूफी की बारगाह में आए हजारों जायरीन, पेश हुए सूफियाना कलाम और तकसीम हुआ देसी घी का हलवा। दरगाह हजरत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी रहमतुल्लाह अलैह में छठी शरीफ की रूहानी महफिल बड़ी अकीदत, मोहब्बत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाई गई। दूर-दूर से आए हजारों अकीदतमंद जायरीन ने दरगाह शरीफ में हाजिरी दी और अपने मुरादों को लेकर दुआएं कीं। दरगाह का पूरा माहौल सूफियाना रंग में नजर आया।



इस मुबारक मौके पर महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन किया गया जिसमें नागौर के आस्ताना-ए-कव्वालों ने हजरत सूफी नागौरी र.अ. की शान में सूफियाना कलाम पेश कर समां बांध दी। महफिल के दौरान फातिहा ख्वानी की गई और अकीदतमंदों ने दरगाह पर फूल चढ़ाकर अपनी मोहब्बत व अकीदत का इजहार किया।

गौरतलब है कि छठी शरीफ का यह आयोजन हर माह इस्लामी तारीख की छठी तारीख को हजरत ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह की याद में मनाया जाता है। दरगाह सूफी हमीदुद्दीन नागौरी र.अ. को ख्वाजा गरीब नवाज का सबसे करीबी और खास खलीफा माना जाता है, इसलिए यह रस्म उर्स की शक्ल में नागौर में विशेष रूप से अदा की जाती है।

दरगाह वक्फ कमेटी सदर हाजी शमशेर खान ने बताया कि छठी शरीफ के मौके पर दरगाह कमेटी की जानिब से देसी घी का हलवा बतौर तबर्रुक तकसीम किया जाता है। यह रूहानी रस्म बरसों से उसी अकीदत और जोश के साथ निभाई जा रही है, जो सूफियाना परंपरा की एक अनूठी मिसाल है।

अंत में दरगाह गद्दी नशीन व तमाम जायरीन द्वारा कौम व देश में भाईचारा व अमन चैन की खुशहाली दुआ मांगी गई। इस मौके पर असलम मुल्तानी, आरिफ गौरी, नदीम खान, इलियास गौरी, याकूब मुल्तानी, साकिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, गफ्फार मुल्तानी व अन्य सदस्य शामिल रहे व व्यवस्थाएं संभाली।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में चुनाव की तैयारियों के संबंध में बैठक

- रिटर्निंग ऑफिसर आदर्श आचरण संहिता लगने पर प्रभावी पालना सुनिश्चित करें - जिला निर्वाचन अधिकारी
- प्रकोष्ठों के गठन,कानून व्यवस्था,मतदान केंद्रों का अवलोकन सहित राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**चमकता राजस्थान** फलौदी। पांचाराम डारा । आगामी पंचायतीराज चुनावों की पूर्व तैयारियों के संबंध में शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फलौदी बैठक आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर को चुनाव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन का अवलोकन करते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान करवाना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्वाचन नामावली का अवलोकन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकोष्ठ के गठन व कार्मिकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता लगाए जाने पर प्रभावी पालना सुनिश्चित करें व समय पर रिपोर्ट जिला कार्यालय को भिजवाएं। रिटर्निंग ऑफिसर पुलिस के साथ मतदान केंद्रों का अवलोकन करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मतदान केंद्र के 200 मीटर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का पोस्टर नहीं लगाया जाएं तथा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में भीड़ एकत्रित नहीं हो। बैठक में अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की संपूर्ण जानकारी दी गई।

## सरमथुरा में रामकला गुर्जर निर्विरोध चेयरमैन, संभाली नगरपालिका की कमान

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण धौलपुर। सरमथुरा नगरपालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को राजनीतिक तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई। कांग्रेस प्रत्याशी रामकला गुर्जर निर्विरोध नगरपालिका अध्यक्ष (चेयरमैन) निर्वाचित हुईं। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई और नवनिर्वाचित चेयरमैन रामकला गुर्जर का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। निर्वाचन के बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राकेश न्योल ने रामकला गुर्जर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।




शपथ ग्रहण के साथ ही रामकला गुर्जर ने सरमथुरा नगरपालिका की कमान संभाल ली। दरअसल, नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस की ओर से रामकला गुर्जर और सरोज सैन ने नामांकन दाखिल किया था। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी वंदना कुशवाह ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। नामांकन के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच अंततः रामकला गुर्जर के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हुआ। निर्विरोध निर्वाचन के बाद अब नवनिर्वाचित चेयरमैन रामकला गुर्जर के सामने नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की चुनौती और जिम्मेदारी रहेगी। शहर में सड़क, नाली, साफ- सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर आमजन की अपेक्षाएं नई नगरपालिका अध्यक्ष से रहेंगी।

शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम राकेश न्योल, तहसीलदार भीमाराम, थाना प्रभारी कैलाश चंद गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समर्थक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।निर्विरोध निर्वाचन के बाद समर्थकों ने नवनिर्वाचित चेयरमैन का फूल-मालाओं से स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।

## कलाऊ की 'सालासर कोर्टेक्स' फैक्ट्री में पहुंचने लगा 'सफेद सोना', ऊंचे दामों से खिले किसानों के चेहरे

- कलाऊ क्षेत्र की मंडियों और सालासर कोर्टेक्स जिनिंग फैक्ट्री में नई कपास की आवक ने पकड़ी रफ्तार

**चमकता राजस्थान** कलाऊ क्षेत्र की प्रसिद्ध सालासर कोर्टेक्स जिनिंग एंड प्रेसिंग फैक्ट्री में एक बार फिर 'सफेद सोने' यानी कपास की चमक बिखरने लगी है। खरीफ सीजन की मुख्य नकदी फसल कपास की नई खेप लेकर कलाऊ और आसपास के ग्रामीण इलाकों के किसान भारी तादाद में फैक्ट्री पहुंचने लगे हैं। खास बात यह है कि इस बार सीजन की शुरुआत से ही किसानों को कपास के बेहद शानदार दाम मिल रहे हैं, जिससे अन्नदाता के चेहरे पर तरोताजा मुस्कान लौट आई है।सालासर कोर्टेक्स फैक्ट्री में बढ़ी रौनक, ट्रॉलियों की कतारें बीते कुछ दिनों से कलाऊ स्थित सालासर कोर्टेक्स फैक्ट्री के बाहर कपास से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। फैक्ट्री के यार्ड सफेद सोने से पटने लगे हैं। मिल प्रबंधन रमेश भाई गहलोत एवं पंकज बंघ का कहना है कि इस बार फसल की गुणवत्ता (क्वालिटी) काफी अच्छी है, जिसके कारण बाजार में इसकी मांग पहले दिन से ही बहुत मजबूत बनी हुई है। फैक्ट्री में नए कॉटन की आवक शुरू होने से स्थानीय स्तर पर मजदूरों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने लगा है।इस बार 10,000 पार जाने की उम्मीद बाजार के जानकारों और व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक, इस साल प्रमुख कपास उत्पादक बेल्ट में बुवाई का रकबा पिछले साल के मुकाबले कुछ कम रहा है। उत्पादन सीमित होने और कपड़ा मिलों की ओर से घरेलू व वैश्विक स्तर पर भारी मांग होने के कारण कीमतों में तेजी का रुख है।वर्तमान में फैक्ट्री और स्थानीय स्तर पर अच्छी क्वालिटी की कपास 9,500 से लेकर 10,500 प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदी जा रही है, जो कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी ऊपर है। बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि जैसे ही त्योहारी सीजन और सर्दियों की मांग बढ़ेगी, कपास के दाम 11,000 प्रति क्विंटल का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर जाएंगे। क्या कहते हैं क्षेत्र के किसान-गोरधनराम धतरवाल , खेताराम माली,सवाई राम सारण,भंगाराम, मानाराम सारण, राणाराम भाखर,लालदीन चानिया ,लालजी हुड्डा,सालासर कोर्टेक्स फैक्ट्री में अपनी फसल बेचने आए कलाऊ क्षेत्र के स्थानीय किसानों ने खुशी जताते हुए कहा, ₹पिछले साल के मुकाबले इस बार शुरुआत में ही बहुत बढ़िया दाम मिल रहे हैं।

## विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान के तहत 19 से 25 सितंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे जनसेवा शिविर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रेष्ठा श्री ने अधिकारियों को दिए सफल आयोजन के निर्देश

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण। विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान- 2026 के तहत जिले के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में 19 से 25 सितंबर 2026 तक जनसेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रेष्ठा श्री की अध्यक्षता में डीओआईटी वीसी कक्ष में जिले के समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रेष्ठा श्री ने कहा कि जनसेवा शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आमजन को विभिन्न विभागों से संबंधित सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही लंबित प्रकरणों एवं आमजन से संबंधित परिवादों का त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

श्रेष्ठा श्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाना तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 19 से 25 सितंबर तक प्रातः 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक जनसेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।



बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान की विभिन्न गतिविधियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अभियान के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'मेरे सपनों का भारत' चित्रसेवा, 18 से 25 सितंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में 'नमो सेवा अनकही कहानियां', 25 से 27 सितंबर तक 'आंगन मिलन सेवा', 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा की कहानी', 7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति कलश यात्रा', 2 अक्टूबर को 'सेवा मेरा योगदान', 19 से 25 सितंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में 'सेवा सेतु अभियान', 24 सितंबर एवं 11 अक्टूबर को 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग', 1 से 15 अक्टूबर तक 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' तथा 'सुशासन सेवा संवाद' सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रेष्ठा श्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी गतिविधियों का समयबद्ध एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने आयोजित गतिविधियों के अधिक से अधिक फोटो एवं वीडियो अभियान के पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए, ताकि अभियान की गतिविधियों एवं जनभागीदारी का प्रभावी दस्तावेजीकरण हो सके।उन्होंने कहा कि जनसेवा शिविरों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विकास अधिकारियों को शिविर प्रभारी बनाया गया है।

शिविर स्थल के रूप में भवन अथवा अन्य उपयुक्त सार्वजनिक स्थान का चयन किया जाएगा। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थल पर पेयजल, छाया, बैठने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों सहित जिले के उपखंड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## श्री वीर तेजाजी खरनाल मेला हेतु सुरक्षा एवं यातायात के व्यापक इंतजाम

**चमकता राजस्थान** रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर। तेजा दशमी पर आयोजित श्री वीर तेजाजी खरनाल मेला हेतु नागौर पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। दिनांक 21.09.2026 को मेले के दौरान खरनाल जोधपुर रोड़ का यातायात डायवर्ट रहेगा। ग्राम टांकला फांटा से जें.एस.के. होटल रिंगरोड से बाईपास नागौर तक का यातायात दिनांक 21.09.2026 को प्रातः 06.00 एएम से सांय 08.00 पीएम तक डायवर्ट रहेगा। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा गया है। साइकिल दौड़ के दौरान वाहन द्वारा बीच में व्यवधान पैदा करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी। उक्त समयावधि में यातायात व्यवस्था व पार्किग हेतु दिये गये निर्देशों की पालना करें।

## संक्षिप्त समाचार

### जियोहोम के 30 और 100 टुस्र2 प्लान पर एक साल Amazon Prime Lite RiYe

- · 3-in-1 TV + OTT + Wi-Fi प्लान के नए और मौजूदा ग्राहकों को मिलेगा फायदा
- · Prime Video के साथ Amazon की फ्री और फास्ट डिलीवरी भी मिलेगी

**चमकता राजस्थान/मुंबई।** जियोहोम के 30 Mbps और 100 Mbps प्लान वाले ग्राहकों को अब Amazon Prime Lite एक साल के लिए मुफ्त मिलेगा। यह फायदा जियोहोम के 3-in-1 TV + OTT + Wi-Fi प्लान के नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दिया जाएगा। कंपनी का यह नया ऑफर जियो के 10 साल पूरे होने के मौके पर दिया जा रहा है।

एक साल की Amazon Prime Lite मेंबरशिप में ग्राहकों को Prime Video पर फिल्में और शो देखने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा Amazon पर पात्र ऑर्डर की फ्री और फास्ट डिलीवरी का फायदा भी मिलेगा।

ऑफर 19 सितंबर से चरणबद्ध तरीके से शुरू होगा और अगले दो हफ्तों में इन प्लान के सभी ग्राहकों तक पहुंच जाएगा। MyJio ऐप के होम पेज पर Amazon Prime Lite का ऑफर बैनर दिखेगा। बस बैनर पर टैप करें और एक साल की मुफ्त मेंबरशिप एक्टिवेट हो जाएगी। 12 महीने की गिनती एक्टिवेशन वाले दिन से शुरू होगी।

वहीं 888, 1,199 और 150 Mbps या उससे ज्यादा स्पीड वाले प्लान के ग्राहकों को पहले से मिल रहा 24 महीने का Amazon Prime Lite फायदा जारी रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### फलोदी जिले की बाप तहसील और जाम्बा क्षेत्र में अकाल और प्राकृतिक आपदा से किसानों की कमर टूटी

- सूखी फसलों पर ओलावृष्टि ने फेरा पानी; क्षेत्र को सूखा घोषित करने की उठी मांग

**चमकता राजस्थान/जाम्बा / संवाददाता:** सियाराम विश्नोई बाप (फलोदी): बाप तहसील क्षेत्र सहित जाम्बा के किसानों पर कुदरत की दोहरी मार पड़ी है। पहले ही मानसून में पर्याप्त बारिश न होने के कारण क्षेत्र के किसानों की बाजरा, ग्वार, मोठ और तिलहन जैसी प्रमुख फसलें पूरी तरह सूखकर चौपट हो गई थीं। किसान इस भीषण सूखे से उबरने की कोशिश कर ही रहे थे कि हाल ही में आए भारी तूफान और ओलावृष्टि ने बची-खुची उम्मीदों को भी पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया है।

किसानों को इस बात की थोड़ी बहुत आस थी कि कम से कम सूखा चारा (घास) हाथ लग जाएगा, जिससे उनके मवेशियों (पशुओं) का पेट भर सके। लेकिन इस भयंकर तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों के उस आखिरी विश्वास पर भी पानी फेर दिया है। खेतों में अब चारे के नाम पर केवल बर्बादी बची है।

फलोदी जिले की बाप तहसील का पूरा क्षेत्र इस समय सूखे और तूफान की चपेट में आकर पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। अन्नदाता के सामने अब आजीविका और पशुधन के भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने अब प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेते हुए बाप तहसील क्षेत्र को तत्काल 'सूखा व अकाल ग्रस्त' घोषित किया जाए, ताकि किसानों को विशेष राहत पैकेज और फसल खराबे का उचित मुआवजा मिल सके।

### चुनाव चिह्न छीनने के बाद ममता बनर्जी की पहली प्रतिक्रिया, कहा- काला दिन

**कोलकाता।** चुनाव आयोग की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ऋतब्रत बनर्जी के गुट के नए नामों की घोषणा की गई. इसके साथ ही दोनों पार्टियों को अलग-अलग चुनाव चिह्न दिया गया, जिसे लेकर ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि हम संवैधानिक पद का अनादर नहीं करते, लेकिन आज हमारे लोकतांत्रिक इतिहास का एक काला दिन है. उन्होंने कहा कि हमारे देश में जो हो रहा है, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण, असंवैधानिक, गैर-कानूनी, अलोकतांत्रिक और एक राजनीतिक पार्टी के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए की गई पूरी तरह से पक्षपाती बदले की कार्रवाई है. ममता बनर्जी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, 'उन्होंने पहले ही कह दिया था कि न नाम रखने दूंगा और न निशान रहने दूंगा. कौन हैं ये लोग. आज पावर में हैं, कल नहीं रहेंगे.' पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और बंगाल में वोट चोरी की है. उन्होंने कहा, 'यह 'झूठी बीजेपी पार्टी', एक 'जुमला पार्टी' है. इसका काम देश में लोकतंत्र, संविधान और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करना है. पत्रकारों को भी नहीं बख्शा जाता, अगर कोई उनके खिलाफ बोलता है, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है.' उन्होंने कहा, 'हमसे पहले उद्धव ठाकरे को भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था. मैं ऐसे किसी भी व्यक्ति का सम्मान नहीं करती जो सिर्फ बीजेपी के अहंकार को संतुष्ट करने में लगा हो. न तो हम सिर झुकाएंगे और न ही हार मानेंगे, हम लड़ेंगे और वापसी करेंगे. कल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुझे फोन किया था, अरविंद केजरीवाल ने भी समर्थन जताया. हम सब मिलकर बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे।

# यौन शोषण के मामलों में बच्चों को कानूनी कार्रवाई के साथ काउंसलिंग और लंबे समय तक सहयोग जरूरी

## सेक्सोकोन 2026 का आज आखिरी दिन

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (फक्र) में आयोजित रएड्ढल्ल 2026 में शनिवार को यौन स्वास्थ्य, यौन शिक्षा, काउंसलिंग और बच्चों के यौन शोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। सम्मेलन में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज के मामलों में पीड़ित बच्चों को कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक सहयोग और लंबे समय तक सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

आयोजन सचिव डॉ. जॉली अरोड़ा ने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण के मामलों को सामाजिक बदनामी या अन्य कारणों से छिपाने के बजाय उचित प्रक्रिया के तहत रिपोर्ट करना




जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में डॉक्टरों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, शोषण के बाद बच्चे को केवल कानूनी प्रक्रिया तक सीमित रखने के बजाय काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक सहायता और परिवार के सहयोग की जरूरत होती है। बच्चे के व्यवहार में अचानक बदलाव, चुप रहना, डरना, किसी व्यक्ति विशेष से घबराना या परिवार से दूरी बनाने जैसे संकेतों पर माता-पिता को संवेदनशीलता के साथ ध्यान देना चाहिए।

- **सेक्सोलॉजिस्ट डॉ एम एन थरेजा**

ने कहा कि एचआईवी और अन्य यौन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी प्राप्त करने तथा डॉक्टरों की सलाह लेने से उपचार को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपचार का अंतिम निर्णय चिकित्सकीय मूल्यांकन और डॉक्टर के क्लिनिकल जजमेंट के आधार पर होना चाहिए।

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने इस बात पर भी जोर दिया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता, सही जानकारी, समय पर रिपोर्टिंग और निरंतर भावनात्मक सहयोग बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## दलबदल मामले में तेलंगाना हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

### खैरताबाद विधायक दानम नागेंद्र की विधायकी रद्द

**हैदराबाद।**

दलबदल विरोधी कानून को लेकर तेलंगाना हाई कोर्ट की एक डिवीजन ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए खैरताबाद के विधायक दानम नागेंद्र को उनके निर्वाचन की तिथि से ही अयोग्य घोषित कर दिया है। चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस जी. एम. मोहिउद्दीन की बेंच ने यह आदेश पारित करते हुए खैरताबाद विधानसभा सीट को तुरंत प्रभाव से खाली घोषित कर दिया। कोर्ट ने दानम नागेंद्र की उस याचिका को भी खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिए आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। यह फैसला बीजेपी विधायक दल के नेता अल्लेटी महेश्वर रेड्डी और हुजुराबाद से बीआरएस विधायक पाडी कौशिक रेड्डी द्वारा दायर एक रिट याचिका पर आया है। दोनों नेताओं ने विधानसभा स्पीकर जी. प्रसाद कुमार के फैसले को चुनौती दी थी, जिन्होंने पहले दानम नागेंद्र के खिलाफ



दायर अयोग्यता याचिका को खारिज कर दिया था। स्पीकर के फैसले को पलटते हुए हाई कोर्ट ने दलबदल विरोधी प्रावधानों के तहत दानम नागेंद्र की सदस्यता खत्म कर दी। दानम नागेंद्र 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनाव में बीआरएस टिकट पर खैराताबाद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। इसके बाद मार्च 2024 में वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने न तो बीआरएस पार्टी से औपचारिक रूप से इस्तीफा दिया और न ही अपनी विधानसभा सदस्यता छोड़ी, बल्कि बीआरएस विधायक रहते हुए ही उन्होंने कांग्रेस के आधिकारिक टिकट पर 2024 का सिकंदराबाद लोकसभा चुनाव लड़ा। हालांकि वे लोकसभा चुनाव हार गए, लेकिन इसके बाद बीआरएस और भाजपा ने 10वीं अनुसूची के तहत उनकी विधायकी रद्द करने की मांग तेज कर दी थी। दानम नागेंद्र के कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने के फैसले के कारण ही उनके खिलाफ अयोग्यता की याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि टिकट पर चुने जाने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ना दलबदल विरोधी कानून का खुला उल्लंघन है। स्पीकर के आदेश को कानून के खिलाफ पाते हुए, हाई कोर्ट ने उसे रद्द कर दिया और दानम नागेंद्र की सदस्यता उस तारीख से खत्म कर दी, जिस दिन उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करके चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया था।

## दिल्ली में 17 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, 3 नाबालिग समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।**

दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म और फिर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों समेत चार आरोपियों को पकड़ा है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से दो चाकू, वारदात के समय पहने गए कपड़े और एक टेंपो बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, शुरुआत में जिस शव को महिला का माना गया था, उसकी पहचान होने के बाद पता चला कि मृतका नाबालिग थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एडीसीपी लोकेश वरन ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल के साथ-साथ आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान 50 से अधिक कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई। फुटेज में घटना के आसपास एक संदिग्ध टेंपो को आते-जाते देखा। लेकिन, रात के समय अंधेरा होने की वजह से टेंपो का नंबर साफ नजर नहीं आ रहा था। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर लगे कैमरों की फुटेज को जोड़कर टेंपो के आने-जाने वाले रास्ते का पता लगाया। जांच के दौरान पुलिस




को टेंपो की गतिविधियों से जुड़ी अहम जानकारी मिली। इसी आधार पर पुलिस ने गाड़ी और उसके ड्राइवर तक पहुंचने की कोशिश शुरू की। पुलिस के अनुसार, 15 सितंबर की रात टेंपो खड्डा कॉलोनी में खड़ा मिला। पुलिस ने उसके चालक की पहचान की और उससे पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर मामले में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने तीन नाबालिगों समेत चार आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों से पूछताछ के साथ ही उनके पास से वारदात में इस्तेमाल किए गए बताए जा रहे सामान को भी बरामद किया। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपितों में से एक किशोरी का कथित प्रेमी था। पुलिस के अनुसार, घटना से पहले उसने अपने दोस्तों के साथ शराब पी थी। इसके बाद सभी आरोपितों ने किशोरी के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपितों को डर था कि किशोरी उनके खिलाफ शिकायत कर सकती है। इसी आशंका में उन्होंने कथित तौर पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। लेकिन, मामले में सामने आए इन सबूतों की पूरी पुष्टि जांच और कानूनी प्रक्रिया के दौरान होगी। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर घटना की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

### पाकिस्तान में नमाज के दौरान ब्लास्ट में 16 की मौत

- दीवार से टकराई कार और फिर उड़ गए चिथड़े

**कोहाट।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट में पुलिस लाइन के पास बड़ा धमाका हुआ है. इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. पुलिस के मुताबिक, धमाका जुमे की नमाज के दौरान हुआ. धमाका इतना जोरदार था कि मस्जिद के बाहर बड़ा गड्ढा हो गया. मस्जिद का बाहरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक दीवार भी गिर गई. खैबर पख्तूनख्वा के आईजी जुल्फिकार हमीद ने जियो न्यूज को बताया कि विस्फोटक से भरी एक गाड़ी पुरानी पुलिस लाइंस के गेट से टकराई. गाड़ी के टकराने के बाद जोरदार धमाका हुआ और फायरिंग भी हुई. डीएचक्यू अस्पताल के एमएस ताहिर अली शाह ने बताया कि अस्पताल में 15 शव और 50 से ज्यादा घायल लाए गए हैं. घायलों के इलाज के लिए अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है. पुलिस ने कोहाट-हंगू रोड को सभी तरह की आवाजाही के लिए बंद कर दिया है. पुलिस लाइन के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, धमाके से आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है. घटनास्थल पर राहत और बचाव का काम जारी है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहाट पुलिस लाइंस में हुए धमाके की कड़ी निंदा की है. उन्होंने घटना में कई लोगों के घायल होने पर दुख जताया. प्रधानमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ की और अधिकारियों को सभी पीड़ितों को तत्काल और बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. शहबाज ने संबंधित अधिकारियों से धमाके की प्रकृति और इसकी वजहों को लेकर रिपोर्ट भी मांगी है. उन्होंने राहत और बचाव काम तेज करने के साथ-साथ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री खैबर पख्तूनख्वा सुहैल अफरीदी ने कोहाट धमाके का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है. उन्होंने कहा कि घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट पेश की जाए. सुहैल अफरीदी ने धमाके की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद की यह कायराना घटना बेहद दुखद और अस्वीकार्य है. उन्होंने घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए. उन्होंने अस्पतालों में घायलों के इलाज और जरूरी चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही, गंभीर रूप से घायल लोगों को जरूरत पड़ने पर दूसरे अस्पतालों में भेजने के इंतजाम करने के भी निर्देश दिए।

### निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली ने हरिद्वार में की आत्महत्या, दुकान में रस्सी से लटका मिला शव

**हरिद्वार।** निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली ने शुक्रवार को हरिद्वार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. कोर्ट ने उनको निठारी कांड से जुड़े सभी मामले में बरी कर दिया था. हरिद्वार पुलिस ने सुरेंद्र कोली की आत्महत्या की पुष्टि की है. गुरुवार को शहर के उत्तरी हिस्से में सप्त सरोवर रोड पर लाल माता मंदिर के सामने एक चाय की दुकान पर कोली का शव लटका हुआ मिला. पुलिस उसकी मौत के कारणों की जांच कर रही है. पुलिस के अनुसार, कोली पिछले कुछ महीनों से हरिद्वार में रह रहा था और सड़क पर चाय की दुकान चलाता था. वह मूल रूप से उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के भिकियासेन इलाके के मंगरुखला गांव का रहने वाला था. पुलिस ने उसके परिवार को सूचित कर दिया है. सिटी कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि कोली निठारी मामले में आरोपी था. पुलिस ने कहा कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और जांचकर्ता सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं. मौत के सटीक कारण और परिस्थितियों समेत अन्य ब्योरों का इंतजार है।

# अमेरिका को उत्तर कोरिया की खुली चेतावनी

### कहा- सैन्य अभ्यास से कोई गड़बड़ी हुई सारे हथियार इस्तेमाल करेंगे

**नयी दिल्ली।**

उत्तर कोरिया ने फिर एक बार साफ संदेश दे दिया है। अगर उसकी सुरक्षा को खतरा पहुंचा तो वह अपने पास मौजूद हर तरह के हथियार और साधनों को इस्तेमाल करने से नहीं हिचकेगा। यह चेतावनी उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दी है। उन्होंने अमेरिका की अगुवाई वाले सैन्य अभ्यासों को कोरियाई प्रायद्वीप पर बढ़ते तनाव की मुख्य वजह बताया है। किम यो जोंग ने राज्य मीडिया के जरिए अपना बयान जारी किया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में होने वाले बड़े सैन्य अभ्यास, जैसे पैसिफिक वैनगार्ड नौसैनिक अभ्यास, क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी जोर देक- र कहा कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियारों को और मजबूत करने के रास्ते से कभी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर देश की सैन्य संप्रभुता या सुरक्षा हितों को गंभीर नुकसान पहुंचने का खतरा दिखा तो सेना तुरंत उपलब्ध सभी साधनों को जुटा लेगी। यह अभ्यास अगस्त के आखिरी हफ्ते से सितंबर के पहले हफ्ते तक गुआम के पास चला था। इसमें अमेरिका के अलावा दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड की नौसेनाएं शामिल थीं। उत्तर कोरिया इसे सिर्फ अभ्यास नहीं, बल्कि युद्ध की तैयारी बता रहा है। किम यो जोंग ने इसे अमेरिका की कोशिश बताया कि वह एशिया-पैसिफिक में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अपनी ताकत बढ़ा रहा है। कोरियाई प्रायद्वीप लंबे समय से तनाव का केंद्र रहा है। उत्तर कोरिया हमेशा ऐसे संयुक्त अभ्यासों को अपने खिलाफ आक्रमण की ड्रेस रिहर्सल मानता है। अमेरिका और उसके सहयोगी इन्हें रक्षात्मक बताते हैं। लेकिन उत्तर कोरिया का रुख साफ है कि जब तक ये अभ्यास चलते रहेंगे, वह अपनी परमाणु ताकत को और बढ़ाता रहेगा।किम यो जोंग इससे पहले एक और बड़ा बयान दिया था। एक दिन पहले भी उन्होंने परमाणु निरस्त्रीकरण की बातों को खारिज कर दिया था। उनका संदेश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर है कि उत्तर कोरिया अपनी सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। बता दें कि किम यो जोंग की भूमिका उत्तर कोरिया में बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। वह अक्सर अंतरराष्ट्रीय मामलों पर मुखर बयान देती हैं। उनका यह नया बयान साफ संकेत देता है कि प्योंगयांग अभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम को अपनी सुरक्षा की गारंटी मानता है और उसमें कोई ढील देने को तैयार नहीं है।



### नंदीग्राम से ममता बनर्जी की उम्मीदवार ने वापस लिया नामांकन, सीएम शुभेंदु ने कर दिया खेल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका लगा है. संचिता प्रधान (डे) ने नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से अपना नामांकन वापस ले लिया है. उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट, 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' की उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया था. उन्होंने एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की थी. संचिता प्रधान के नामांकन वापस लेने के बाद ममता बनर्जी ने नंदीग्राम सीट पर कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान किया है. इसके अलावा असम की नागांव लोकसभा सीट पर भी वह कांग्रेस को समर्थन देंगी. ममता बनर्जी ने कहा कि यह फैसला हम राष्ट्र के व्यापक हित में कर रहे हैं. बता दें, कांग्रेस ने नंदीग्राम सीट से मिलन प्रधान उम्मीदवार बनाया है. इससे पहले, चुनाव आयोग ने टीएमसी का सिंबल और नाम फ्रीज कर ममता और ऋतब्रत गुट को नया नाम और चुनाव चिह्न दिया है. इलेक्शन कमीशन ने ममता बनर्जी की पार्टी 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और 'फुटबॉल खिलाड़ी' और ऋतब्रत बनर्जी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिह्न अलॉट किया है. ममता खेमे ने चुनाव आयोग के आदेश पर नाराजगी जाहिर की है. ममता बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के फैसले को असंवैधानिक बताया. पार्टी के सीनियर लीडर कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी समर्थकों के लिए ममता बनर्जी ही राजनीतिक चेहरा हैं. घोष ने आरोप लगाया कि केंद्र और बीजेपी ने चुनाव आयोग का गलत इस्तेमाल किया है. उन्होंने दावा किया कि इस घटनाक्रम से राजनीतिक लड़ाई खत्म नहीं होगी।

# शराबबंदी पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# फायदे कम नुकसान ज्यादा, अदालत ने गिनाईं 5 बड़ी बुराइयां

नई दिल्ली।

शराबबंदी की वास्तविक प्रभावशीलता और उसके नतीजों पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बेहद तल्ख टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से फायदे के बजाय समाज और व्यवस्था को पांच बड़े नुकसान उठाने पड़ते हैं। इसके साथ ही पीठ ने गुजरात और अन्य राज्यों में पिछले कई सालों के दौरान जहरीली शराब से हुई मौतों और त्रासदियों का हवाला देते हुए सरकारों को हकीकत का आईना दिखाया।

## सुप्रीम कोर्ट ने गिनाए शराबबंदी के पांच बड़े दुष्प्रभाव

जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने शराबबंदी से जुड़े दुष्परिणामों को रेखांकित किया। पीठ ने कहा कि प्रतिबंध से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान होता है, जबकि इसे लागू करने और निगरानी तंत्र पर सरकारी खजाने से भारी-भरकम राशि खर्च करनी पड़ती है। इसके अलावा, अवैध धंधे को संरक्षण मिलने से पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचार तेजी से पैर पसारता है। वहीं, वैध शराब न मिलने के कारण बाजार में नकली व जहरीली शराब का काला धंधा पनपता है और लोग शराब न मिलने पर ड्रग्स जैसे अन्य जानलेवा नशों की तरफ आकर्षित होने लगते हैं।

## गुजरात का उदाहरणः पाबंदी के बावजूद 600 से अधिक मौतें

अदालत ने कहा कि इतिहास गवाह है कि पूर्ण शराबबंदी अक्सर शराब के कारोबार को भूमिगत और अवैध कर देती है, जिससे जानलेवा व अनियंत्रित शराब का चलन बढ़ता है। पीठ ने गुजरात का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि सख्त शराबबंदी के बावजूद राज्य में आजादी के बाद से अब तक 10 से ज्यादा बड़ी जहरीली शराब त्रासदियां हो चुकी हैं, जिनमें 600 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अदालत ने हाल ही में गुजरात के भावनगर में 13 और मध्य प्रदेश के सागर में 15 लोगों की जहरीली शराब से हुई मौतों को सिस्टम के लिए खतरे की घंटी करार दिया।

## महाराष्ट्र पॉइजन रूल्स के नियम 18 ए और 18 रद्द

इंडियन केमिकल काउंसिल और विभिन्न रसायन निर्माता कंपनियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र पॉइजन रूल्स के नियम 18 और 18क्को पूरी तरह रद्द कर दिया। ये नियम 1991 के मुंबई जहरीली शराब कांड के बाद बनाए गए थे, जिनके तहत मेथनॉल की बिक्री में कड़वा पदार्थ और रंग मिलाना अनिवार्य किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि सिर्फ अच्छी मंशा होना ही नियमों की मनमानी को सही नहीं ठहरा सकता। सरकार यह साबित करने में विफल रही कि ऐसे एडिटिव्स मिलाने से जहरीली शराब से होने वाली मौतों को कैसे पूरी तरह रोका जा सकता है।





## आरआईएस सेमिनार में भारत-नेपाल के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली ।** विकासशील देशों के लिए आरआईएस के अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भारत और नेपाल के संबंधों को कनेक्टिविटी, आर्थिक सहयोग और साझा विकास के नए चरण में ले जाने पर जोर दिया गया. इस मौके पर नेपाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वागले ने कहा कि दोनों देशों के पास अपने ऐतिहासिक और गहरे रिश्तों की मजबूत नींव पर अधिक महत्वाकांक्षी साझेदारी बनाने का अवसर है. विकासशील देशों के लिए आरआईएस ने शनिवार को आयोजित 'उभरती वैश्विक व्यवस्था में भारत-नेपाल संबंधों की नवीन परिकल्पना' विषय पर आयोजित सेमिनार में नेपाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वागले, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आदि मौजूद रहे.

## राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ जीवन में आगे बढ़ें : अजित कुमार डोभाल

**रुड़की ।** आईआईटी रुड़की के दो दिवसीय वार्षिक दीक्षांत समारोह 2026 का शनिवार को शुभारंभ हुआ. समारोह के पहले दिन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत कुमार डोभाल ने विद्यार्थियों से अपनी तकनीकी दक्षता का उपयोग देश के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के लिए करने का आह्वान किया. संस्थान के अनुसार इस वर्ष कुल 2,701 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जा रही हैं. छात्रों को संबोधित करते हुए एनएसए अजीत डोभाल ने आईआईटी रुड़की के गौरवशाली इतिहास और वैश्विक योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा कि आईआईटी रुड़की के स्नातकों ने न केवल भारत में बल्कि विश्वपटल पर अपनी उत्कृष्ट क्षमताओं का लोहा मनवाया है.

## रेलवे ने 275 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे ने रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण तट रेलवे और पश्चिम रेलवे की करीब 275 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है. रेलवे ने दक्षिण तटीय रेलवे के सवालयापुरम-गुंटूर खंड में 1x25 केवी विद्युत ट्रैक्शन प्रणाली को 2x25 केवी में उन्नत करने के लिए 142 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं. यह काम 73 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 146 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) क्षेत्र में किया जाएगा. यह खंड एचयूएन रूट-8 का हिस्सा है, जो वास्को-गडग-गुंतकल-नंद्याल-सवालयापुरम-गुंटूर-विजयवाड़ा मार्ग को जोड़ता है.

## मप्र के सागर में बस और कार की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल

**सागर ।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में शनिवार को एक कार को जबलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार चार्टर्ड बस ने जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के अनुसार आज एक कार बहेरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ाकोटा रोड पर स्थित चनाटोरिया के पास पेट्रोल पंप से निकलकर मुख्य मार्ग पर पहुंची ही थी, तभी जबलपुर की ओर से आ रही चार्टर्ड बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. कार को टक्कर मारने के बाद बस अनियंत्रित होकर किनारे खंती में जा उतरी और बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया. हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी.

## नशीली दवा के मामले में ईडी ने 90 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नशीली दवाओं की तस्करी और बड़े निवेश धोखाधड़ी से जुड़े दो अलग-अलग धनशोधन मामलों में कार्रवाई करते हुए हैदराबाद और मंदसौर में 90 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियां तथा इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लिमिटेड के 42.13 करोड़ रुपये के मौजूदा बाजार मूल्य वाले 29,46,341 इक्विटी शेयरों को कुर्क किया है. मंदसौर मामले में करीब 70 करोड़ रुपये मूल्य के मेफेड्रोन (एमडी) की कथित अवैध तस्करी से अपराध की आय अर्जित की गई, जबकि पीएसीएल मामले में निवेशकों से जुटाई गई राशि को कथित तौर पर शेयरों में लगाने की बात सामने आई है.

## नेपाल में तबाही के 25वें दिन सुरंग से 11 और शव बरामद किए गए

**काठमांडू ।** नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के २५वें दिन लापता लोगों की तलाश के दौरान अपर त्रिशूली–1 जलविद्युत परियोजना की सुरंग से शनिवार को 11 और शव बरामद किए गए. सुरंग में अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए खोज एवं बचाव अभियान लगातार जारी है. नेपाली सेना के अनुसार, संयुक्त खोज एवं बचाव अभियान के दौरान सुरंग के भीतर लोहे की जाली में फंसे और कीचड़ में दबे हुए 11 शव मिले. राहत एवं बचाव दल ने सभी शवों को बाहर निकाल लिया है. बाढ़ के कारण परियोजना की सुरंगों और आसपास के क्षेत्रों में भारी मात्रा में मलबा और कीचड़ जमा हो गया है, जिसके कारण तलाशी अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है.

## नंदीग्राम उपचुनाव: कांग्रेस प्रत्याशी 3 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत में

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है. यहां कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को 2007 के पुराने हत्या और दंगे के मामले में गिरफ्तार कर 3 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. यह गिरफ्तारी तृणमूल कांग्रेस (ममता गुट) द्वारा अपनी उम्मीदवार संचिता प्रधान डे का नामांकन वापस लेने और मिलन प्रधान को समर्थन देने का एलान करने के महज कुछ ही घंटों के भीतर हुई. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शनिवार को उन्हें हल्दिया उप-मंडलीय अदालत में पेश किया. पश्चिम बंगाल पुलिस के अनुसार, मिलन प्रधान के खिलाफ चार गैर-जमानती वारंट लंबित थे.

## लुधियाना में सीएम मान के काफिले पर फेंके टमाटर, बिट्टू हिरासत में

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के काफिले पर लुधियाना में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा टमाटर फेंकने का आरोप लगा है. इस घटना के बाद रवनीत बिट्टू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे. जब वह कार्यक्रम से बाहर निकले, तो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने उनके काफिले पर टमाटर फेंके. रवनीत बिट्टू ने स्वयं इस घटना की जानकारी दी. पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने आरोप लगाया कि उन्होंने मुख्यमंत्री मान को अंडे, शराब की बोतल और टमाटर दिए हैं.

# सौ फीसदी टैरिफ वाले रूस और ईरान प्रतिबंध बिल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने किए हस्ताक्षर

एजेंसी । वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' पर हस्ताक्षर करके इसे कानून बना दिया है. नया कानून अमेरिकी



राष्ट्रपति को रूस से कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस खरीदने वाले देशों पर सौ फीसदी तक आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का व्यापक अधिकार देता है. ब्रिटिश समाचार पत्र द गार्डियन के मुताबिक 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' पर अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया है. इसी सप्ताह प्रतिनिधि सभा ने इसे 262-159 मतों से मंजूरी दी थी.

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इसका उद्देश्य रूस की आर्थिक क्षमता को कमजोर करना और यूक्रेन युद्ध से जुड़े उसके संसाधनों पर दबाव बनाना है. इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर सौ प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान किया गया है. जिसके दायरे में मुख्य रूप से भारत और चीन आ सकते हैं.

### क्या भारत का 140 अरब डॉलर का व्यापार दांव पर है

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है. वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 6.5 प्रतिशत बढ़कर 140.76 अरब डॉलर (निर्यात 87.3 अरब डॉलर और आयात 53.45 अरब डॉलर) रहा था. वहीं चालू वित्त वर्ष (2026-27) में अप्रैल-अगस्त के दौरान अमेरिका को भारत का माल निर्यात 6.17 प्रतिशत बढ़कर 42.8 अरब डॉलर पहुंच चुका है. फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) के अध्यक्ष एससी रल्हन के अनुसार, यदि अमेरिका इतना भारी शुल्क लगाता है, तो अमेरिका को होने वाला भारतीय निर्यात पूरी तरह ठप हो सकता है, क्योंकि कोई भी आयातक इतनी ऊंची दर का टैरिफ वहन नहीं कर सकता. उदाहरण के लिए, लेदर और फुटवियर क्षेत्र के प्रमुख निर्यातक फरीदा ग्रुप के चेयरमैन रफीक अहमद का कहना है कि उनके कुल निर्यात का 65 प्रतिशत अमेरिका जाता है, और किसी भी ड्यूटी बढ़ोतरी से शिपमेंट बुरी तरह प्रभावित होंगे. वहीं टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के सीएमडी शरद सराफ का मानना है कि टैरिफ दरों से भी ज्यादा व्यापारिक माहौल में उपजी यह अस्थिरता और अनिश्चितता निर्यातकों के नए ऑर्डर व निर्णय लेने की क्षमता को रोक रही है.

यह कानून राष्ट्रपति को विशिष्ट परिस्थितियों में छूट देने का अधिकार भी देता है, जिसमें कांग्रेस को यह प्रमाणित करना शामिल है कि छूट राष्ट्रीय हित में है. यह कानून ईरान के ऊर्जा और हथियार क्षेत्रों पर लगे प्रतिबंधों को भी अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाता है. यह विधेयक अगस्त में अमेरिकी सीनेट में 86-11 के बड़े अंतर से पारित हुआ था. इसके बाद इस सप्ताह प्रतिनिधि सभा ने भी इसे 262-159 मतों से मंजूरी दी. विधेयक का नाम इस प्रस्ताव के प्रमुख समर्थकों में शामिल रहे रिपब्लिकन नेता सीनेटर लिंडसे ग्राहम के नाम पर रखा गया है.

अमेरिका का कहना है कि नए कानून से रूस पर पहले से लागू प्रतिबंधों को और भी सख्त किया गया है. जिसके तहत रूस के सरकारी अधिकारियों, वित्तीय संस्थानों, रक्षा क्षेत्र से जुड़े नेटवर्क और ऊर्जा परिवहन में इस्तेमाल होने वाले जहाजों पर कार्रवाई का दायरा बढ़ाया गया है. अमेरिका के इस कदम का असर भारत और चीन सहित वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ सकता है. हालांकि भारत ने इस घटनाक्रम से पहले ही साफ कर दिया कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखेगा और किसी भी बाहरी दबाव में आए बिना उन देशों से तेल या ऊर्जा संसाधन खरीदना जारी रखेगा जहां से उसे सही कीमत पर मिलते हैं. विशेष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध और उसके बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के संदर्भ में, भारत ने वैश्विक मंच पर अपना रुख बेहद स्पष्ट रखा. भारत का तर्क है कि विकासशील देश होने के नाते अपनी विशाल आबादी के लिए सस्ती और निर्बाध ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली जिम्मेदारी है. जबकि इसी सप्ताह प्रतिनिधि सभा में इसे पास किए जाने के बाद चीन ने कहा कि वह एकतरफा प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है जो अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित नहीं है. ऐसे प्रतिबंधों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भी समर्थन नहीं है. चीन ने कहा कि किसी भी देश के साथ उसके सामान्य व्यापार और आर्थिक सहयोग में तीसरे पक्ष का दखल या दबाव नहीं होना चाहिए.

### मप्र के आगर मालवा जिले का मामला

# ओडिशा के श्रद्धालुओं की कार नाले में बही, 8 मरे

- ओडिशा से मां बगलामुखी के दर्शन आए थे 7 श्रद्धालु, उज्जैन से किराए से ली थी कार



एजेंसी । आगर मालवा

मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में शुक्रवार देर रात मां बगलामुखी मंदिर के पास बड़ा हादसा हो गया. यहां मंदिर के पास ओडिशा के श्रद्धालुओं से भरी एक कार बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गई. इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई. मृतकों में तीन बच्चे, दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं. सभी सात श्रद्धालु ओडिशा के रहने वाले थे.

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में 7 लोग ओडिशा के रहने वाले थे, जबकि कार ड्राइवर अरुण गोयल आगर मालवा के बड़ौद का निवासी था. हादसे के बाद तेज बहाव में कार पुलिया से करीब 100 मीटर तक नाले में बह गई. पानी के तेज बहाव के कारण कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. रेस्क्यू टीम ने कार को नाले से बाहर निकालकर शवों को बरामद किया. पुलिस के अनुसार, ओडिशा के रहने वाले 7 लोग आगर मालवा के नलखेडा स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे. उन्होंने उज्जैन से कार किराए पर थी. सभी लोग शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन के लिए नलखेड़ा पहुंचे, तभी यह हादसा हो गया. सूचना मिलते ही प्रशासन और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान स्थानीय लोगों ने रस्सी बांधकर कार को नाले से बाहर खींचा. इसके बाद पुलिस ने कार में फंसे लोगों के शवों को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

### दिल्ली विवि छात्र संघ (डीयूएसयू) चुनाव 2026 के नतीजे हुए घोषित

# डीयूएसयू चुनाव में एबीवीपी के 3 उम्मीदवार हुए विजयी

एजेंसी । नयी दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डीयूएसयू) चुनाव 2026 के नतीजे घोषित हो गए हैं. चार केंद्रीय पदों में से तीन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवार विजयी रहे. यश डबास ने अध्यक्ष पद, रिया छाबड़ी ने सचिव पद और लक्ष्य राज सिंह ने संयुक्त सचिव पद पर जीत दर्ज की. वहीं, उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन विजयी रहे.

अध्यक्ष पद पर यश डबास और एनएसयूआई के विजय शंकर मीणा के बीच मुकाबला काफी करीबी रहा. मतगणना के दौरान कई दौर तक दोनों उम्मीदवारों के बीच बढ़त बदलती रही. अंतिम दौर में यश डबास ने बढ़त कायम रखते हुए अध्यक्ष पद अपने नाम किया.

**उपाध्यक्ष पद पर शौकीन की जीत** : उपाध्यक्ष पद का परिणाम अन्य तीन पदों से अलग रहा. निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीत हासिल की. मतगणना के दौरान वह लगातार आगे रहे. उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने एबीवीपी और एनएसयूआई के उम्मीदवारों को पीछे छोड़ते हुए उपाध्यक्ष पद हासिल किया.

### यश डबास अध्यक्ष, रिया छाबड़ी सचिव और लक्ष्य राज सिंह संयुक्त सचिव बने; उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय दीपांशु शौकीन की जीत




### सचिव और संयुक्त सचिव पद भी एबीवीपी के खाते में

सचिव पद पर एबीवीपी की रिया छाबड़ी ने जीत दर्ज की, जबकि संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी के लक्ष्य राज सिंह विजयी रहे. मतगणना के दौरान इन दोनों पदों पर भी मुकाबला कई चरणों में बदलता रहा. इस चुनाव में दिल्ली विश्वविद्यालय के 52 कॉलेजों और विभागों में मतदान केंद्र बनाए गए थे. शुक्रवार को हुए मतदान में 40.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. शनिवार को नॉर्थ कैंपस स्थित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मल्टीपर्पज हॉल में मतगणना शुरू हुई थी.



### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने दी बधाई

डूसू चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बधाई दी है. नीतिन नबीन ने कहा कि 'दिल्ली विश्वविद्यालय के मेरे सभी युवा साथियों को डूसू चुनाव में एबीवीपी की ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई. यह जीत सकारात्मक और रचनात्मक छात्र राजनीति में युवाओं के निरंतर विश्वास को दर्शाती है, जो 'राष्ट्र प्रथम' की भावना पर आधारित है. साथ ही, यह 'विकसित भारत' के विजन में योगदान देने के उनके मजबूत संकल्प को भी दर्शाती है. वहीं जगत प्रकाश नड्डा ने बधाई देते हुए कहा कि रदिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2026 में अध्यक्ष, सचिव व संयुक्त सचिव पद पर शानदार जीत हासिल करने पर एबीवीपी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं.'

### एच-1बी वीजा

# ट्रंप प्रशासन ने 1 लाख डॉलर शुल्क 1 साल के लिए बढ़ाया

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा पर विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लाने वाले नियोक्ताओं पर लगने वाला 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क एक साल के लिए बढ़ा दिया है. व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी. राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि 2025 में 1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के फैसले के बाद बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों की एच-1बी पंजीकरण संख्या में 92 प्रतिशत की कमी आई है. ट्रंप ने कहा, 2025 की घोषणा को एक साल के लिए बढ़ाने से अमेरिका के आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा जारी रहेगी. इससे अमेरिकी कर्मचारियों और स्नातकों के लिए रोजगार बाजार तक पहुंच बेहतर होगी. साथ ही यह सुनिश्चित होगा कि नियोक्ता जरूरत पड़ने पर केवल सबसे ज्यादा कुशल और जरूरी विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करें. यह कार्यक्रम के मूल उद्देश्य के अनुरूप होगा. अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम से सबसे ज्यादा लाभ पाने वाला समूह अब भी भारतीय नागरिक हैं. 2025 में 1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के फैसले को कानूनी चुनौती भी मिली है. यह मामला दो अलग-अलग संघीय अदालतों में चल रहा है.

### सोने में फिर आ सकती है तेजी

# 2027 तक 5,000 डॉलर पहुंचने का अनुमान जताया

**नयी दिल्ली ।** अगस्त में जोरदार तेजी दर्ज करने के बाद सितंबर में सोने की कीमतों में नरमी देखने को मिली है. हालांकि, आने वाले समय में सोना फिर तेजी पकड़ सकता है. अमेरिकी बैंकिंग और वित्तीय सेवा कंपनी जेपी मॉर्गन ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 2027 के मध्य तक 5,000 डॉलर प्रति औंस पहुंचने का अनुमान जताया है. वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के मुताबिक सितंबर में वैश्विक सोने की कीमत में 3.9 प्रतिशत, जबकि भारतीय बाजार में 4.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. फिलहाल कॉमेक्स पर सोना करीब 4,400 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रहा है. वहीं, एमसीएक्स पर 5 अक्टूबर एक्सपायरी वाले 24 कैरेट सोने का भाव शुक्रवार को 1,54,263 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा. जेपी मॉर्गन के अनुसार, 2026 के अंत तक सोना 4,500 डॉलर प्रति औंस और 2027 के मध्य तक 5,000 डॉलर तक पहुंच सकता है.

# दमोह में पत्नी व 3 बच्चों की हत्या

### आपसी विवाद : कुल्हाड़ी लेकर घर के बाहर बैठा मिला पति

एजेंसी । दमोह

मध्य प्रदेश के दमोह जिले के कबीरपुर गांव में शनिवार तड़के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपित घर के बाहर कुल्हाड़ी लेकर बैठा मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान खेमा बाई (27), बेटी उर्मिला (7), बेटे उमेश (4) और एक वर्षीय राजा के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद की बात सामने आई है. पत्नी की शिकायत पर पहले घरेलू प्रताड़ना का मामला भी दर्ज हुआ था, हालांकि बाद में दोनों के बीच समझौता हो गया था. मृतका के पिता बाबूलाल पटेल ने आरोप लगाया कि द्वारका शराब के नशे में उनकी बेटी से मारपीट करता था. तीन दिन पहले भी बेटी ने फोन कर पति द्वारा मारपीट की जानकारी दी थी. परिजन शुक्रवार को समझाइश देकर लौटे थे. अगले दिन उन्हें हत्या की सूचना मिली.

# सऊदी अरब व हूतियों में बढ़ा तनाव?: रियाद में फिर सुनी गई धमाकों की आवाज, यमन में भी हुए हमले

एजेंसी । नयी दिल्ली

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में शनिवार तड़के धमाकों की आवाजें सुनी गईं. स्थानीय लोगों को मोबाइल ऐप के जरिए हवाई सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले. बाद में सऊदी नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि रियाद और अल-खर्ज में खतरा टल गया है. साथ



ही, लोगों से अपील की गई कि वे निर्देशों का पालन करते रहें और भीड़ न लगाएं या वीडियो न बनाएं. वहीं, यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि सऊदी अरब ने पिछले 24 घंटों में उनके कब्जे वाले इलाकों पर 26 हमले किए हैं. ईरान-समर्थित इस गुट और यमन की रियाद-समर्थित सरकार के बीच देश में फिर से गृहयुद्ध छिड़ गया है. गुट ने कहा कि पिछले हफ्ते उनके ठिकानों पर सऊदी हमलों की संख्या 300 तक पहुंच गई है और इन हमलों में हूती-नियंत्रित यमन के कई इलाकों को निशाना बनाया गया.

**पहले भी दी गई है चेतावनी :** इससे पहले चेतावनी दी गई थी, 'अल-खर्ज गवर्नरेट में आपातकालीन स्थितियों के लिए राष्ट्रीय प्रारंभिक चेतावनी मंच ने खतरे की चेतावनी देने के लिए एक अलर्ट जारी किया है.' सऊदी सिविल डिफेंस ने बताया कि गुरुवार को पश्चिमी सऊदी अरब के ताइफ में हूती समूह के एक ड्रोन का मलबा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई.

### चार्जशीट में चौंकाने वाले खुलासे

# केतन के मर्डर के लिए सिया और चेतन ने दी थी सुपारी!

एजेंसी । नयी दिल्ली

केतन अग्रवाल मर्डर केस में पुणे ग्रामीण पुलिस ने वडगांव मावल कोर्ट में 5,053 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है. चार्जशीट में व्हाट्सऐप चैट, तस्वीरें, मोबाइल फोन डेटा, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), गवाहों के बयान और तकनीकी विश्लेषण से जुड़े सर्टिफिकेट शामिल किए गए हैं. पुलिस ने मामले में करीब 80 से 85 गवाहों के बयान दर्ज किए हैं. इस चार्जशीट में चेतन के एक दोस्त को भी आरोपी बनाया गया है. उसका नाम रितेश है. सिया-चेतन ने पहले केतन मर्डर के लिए सुपारी भी दी थी. इनमें तीन ऐसे गवाह भी शामिल हैं, जिन्होंने कथित तौर पर वारदात के दौरान सिया गोयल और चेतन चौधरी को देखा था. इन तीनों गवाहों के बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए हैं. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सिया ने 2025 में लोहागढ़ में हुई इसी तरह की एक घटना के बारे में ऑनलाइन सर्च किया था. उस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी. चार्जशीट में सोनम रघुवंशी मर्डर केस से संबंधित ऑनलाइन सर्च का भी जिक्र किया गया है. इसके अलावा मोबाइल फोन डेटा और कॉल डिटेल रिकॉर्ड समेत कई डिजिटल और तकनीकी सबूत चार्जशीट का हिस्सा बनाए गए हैं. पुलिस ने दस्तावेजी और गवाहों के बयानों से जुड़े सबूतों को भी चार्जशीट में शामिल किया है. कुल 5,053 पन्नों की यह चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई है.

## केजरीवाल और उनके परिवार को एसआईआर मामले में नोटिस जारी

एजेंसी । नयी दिल्ली

दिल्ली में चल रही मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल समेत उनके परिवार के पांच सदस्यों को नोटिस जारी किया गया है. ये नोटिस अनमैपेड वीथ लास्ट एसआईआर यानी पिछली एसआईआर की मतदाता सूची से मैप नहीं होने की कैटेगरी में जारी किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, दिल्ली निर्वाचन अधिकारियों की ओर से अरविंद केजरीवाल के अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पिता गोविंद राम केजरीवाल और मां गीता देवी को नोटिस दिया गया है. इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल के 25 वर्षीय बेटे पुलकित केजरीवाल को भी इसी कैटेगरी में नोटिस जारी किया गया है.

## बंगाल उपचुनाव : ममता बनर्जी के प्रत्याशी फिर पलटे, कहा-लड़ूंगा

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 2 सीटों के उपचुनाव के पहले सियासी उथल-पुथल देखने को मिल रही है. रेजीनगर में टीएमसी उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने शनिवार सुबह 10 बजे चुनाव से हटने का ऐलान



किया, लेकिन करीब 3 घंटे बाद ही दोपहर एक बजे यूटर्न ले लिया. रबीउल ने सुबह हटने का ऐलान करते वक्त पार्टी का पुराना चुनाव चिह्न 'जोड़ा घासफूल' नहीं मिलने और नया चिह्न 'फुटबॉल प्लेयर' मिलने को इसकी वजह बताया था. हालांकि, ममता बनर्जी से बातचीत के बाद रबीउल ने कहा, मैं चुनाव लड़ूंगा. इससे एक दिन पहले नंदीग्राम में भी ममता गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने नामांकन वापस ले लिया था. रेजीनगर और नंदीग्राम सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव होगा और 9 अक्टूबर को मतगणना होगी. नंदीग्राम सीट शुभेंदु अधिकारी के इस्तीफे के बाद और रेजीनगर सीट हुमायूं कबीर के इस्तीफे के बाद खाली हुई है.

### आईएईए के प्रस्ताव पर उत्तर कोरिया का पलटवार


# परमाणु क्षमता बनाए रखने का ऐलान : किम यो-जोंग

एजेंसी । सियोल

उत्तर कोरिया ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के हालिया प्रस्ताव को खारिज करते हुए अपनी परमाणु क्षमता बनाए रखने की बात कही है. नेता किम जोंग-उन की बहन किम यो-जोंग ने शनिवार को आईएईए पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया. आईएईए ने गुरुवार को वियना में अपने 70वें आम सम्मेलन में प्रस्ताव पारित किया था. इसमें कहा गया कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार संपन्न देश का दर्जा नहीं दिया जा सकता. साथ ही प्योंगयांग से परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियां बंद



करने का आह्वान किया गया. किम यो-जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया अपनी परमाणु क्षमता की विश्वसनीयता बनाए रखेगा. उन्होंने दावा किया कि देश की सुरक्षा के सामने बाहरी परमाणु खतरे मौजूद हैं. उन्होंने आईएईए पर अमेरिका और दक्षिण कोरिया की परमाणु गतिविधियों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया. उत्तर कोरिया का विदेश मंत्रालय भी प्रस्ताव को खारिज कर चुका है और उसके परमाणु दर्जे को अपरिवर्तनीय बताया है.



अपने छोटे बच्चों को स्कूल भेजना और उसके सुनहरे भविष्य की कामना करना हर माता-पिता का हक होता है। अपने बच्चे के जन्म से ही वह उसके भविष्य के बारे में सोचने लगते हैं। प्री-स्कूलिंग, कॉलेज सब तय हो गया होता है, लेकिन विशेषज्ञों का दावा किसी और ही तरफ इशारा करता है। उनके अनुसार कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गलत असर डालता है।



# मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए बुरा हो सकता है, कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजना

बच्चों को प्री-स्कूलिंग के लिए भेजना हर पेरेंट्स के लिए काफी बड़ा कार्य होता है। यह पहली बार होता है उनका नन्हा-सा बच्चा अपने जीवन को सुधारने और उससे नई चीजों को सीखने के लिए वास्तविक दुनिया में कदम रखता है। स्कूलिंग के दौरान मिलने वाली औपचारिक शिक्षा उसे उसके सुनहरे भविष्य के लिए तैयार करती है। हम में से अधिकांश लोगों का मानना है कि यदि आपका बच्चा इसके लिए तैयार है, तो उसे प्री-स्कूल में एडमिशन दिलाने का कोई सही या गलत समय नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ वास्तव में इससे सहमत नहीं हैं। एक अध्ययन के अनुसार, भले ही आपका बच्चा प्रतिभाशाली हो और उसमें जल्दी सीखने की कौशलता हो, फिर भी उन्हें बहुत जल्दी स्कूल भेजना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। रिसर्चरों का कहना है कि आपका अपने बच्चों को प्री-स्कूल जल्दी भेजने का आग्रह स्वाभिक है, लेकिन अपने बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही समय का इंतजार करना ही बेहतर होगा।

बच्चों को जल्दी स्कूल भेजना इसलिए होता है हानिकारक
नए अध्ययन के शोधकर्ता सलाह देते हैं कि माता-पिता किंडरगार्टन में अपने साथियों के साथ अपने बच्चों की उम्र पर विचार करें। एक बड़ा अंतर आपके बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। एक नए अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे अपने साथियों से छोटे होते हैं (स्कूल शुरू करने के लिए न्यूनतम आयु कट-ऑफ के करीब), वह कक्षा में खराब प्रदर्शन करते हैं और उन्हें साथियों की तुलना में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इंग्लैंड में यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर मेडिकल स्कूल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि बहुत जल्दी स्कूल शुरू करना आपके बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

## स्टडी क्या कहती है

अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं की टीम ने एक मौजूदा अध्ययन से एकत्र किए गए डेटा का उपयोग किया, जिसे ''स्कूल अध्ययन में सहायक शिक्षक और बच्चे'' कहा जाता है। यह अध्ययन डेवोन, इंग्लैंड के 80 विभिन्न स्कूलों के 2,075 प्राथमिक विद्यालय के पांच से नौ वर्षों के छात्रों पर किया गया था। अध्ययन में माता-पिता और शिक्षकों से पूछे गए सवालों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिससे यह पता चला कि जल्दी स्कूल भेजने से बच्चों में चिंता और भय, अपने साथियों के साथ खराब संबंध, व्यवहार और एकाग्रता के मुद्दों जैसी नकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं।



## परिणाम क्या निकला

अध्ययन के अंत में, यह निष्कर्ष निकाला गया कि छोटे बच्चों में उनके साथियों की तुलना में खराब मानसिक स्वास्थ्य होने की संभावना अधिक होती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कम उम्र में बड़े साथियों के साथ रहना थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। समस्या उन बच्चों में विशेष रूप से प्रमुख थी जो नई चीजें सिखने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे और समय से पहले पैदा हुए थे। यह खोज माता-पिता को इस बारे में विचार करने में मदद कर सकती है कि औपचारिक शिक्षा सेटिंग में बच्चे का नामांकन कब करना है, ताकि उनके स्वास्थ्य के लिए कुछ भी हानिकारक सिद्ध नहीं हो।

## एडमिशन की सही उम्र

ज्यादातर लोगों का मानना है कि जितनी जल्दी वह अपने बच्चों को स्कूल भेजेंगे, उनके लिए उतना ही अच्छा होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा शुरू करने के लिए 3 साल एक आदर्श उम्र है। हालांकि, अपने बच्चे को स्कूल भेजने से पहले आपको कुछ बातों पर ध्यान देना चाहिए।

- उन्हें शौचालय प्रशिक्षित होना चाहिए।
- वह थोड़े समय के लिए स्थिर बैठ सकते हैं।
- वह अपने माता-पिता से दूर आराम से समय बिता सकते हैं।
- वह अपनी जरूरतों को बता सकते हैं और दूसरों की बातें सुन सकते हैं।



# आपके किचन में मौजूद है सन टैन हटाने के आसान नुस्खे

अगर आप भी बीच पर छुट्टियां बिताकर हॉलिडे की यादों के साथ-साथ सन टैन लेकर लौटी हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं। गर्मियों में कितना भी धूप से बचो, सन टैन हो ही जाता है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं सन टैन रिमूवल के कुछ तरीके, जिन्हें आप घर पर ही आजमा सकती हैं। खास बात ये कि ये चीजें आपके किचन में ही मिल जाएंगी.



## खीरे की फ्रेश स्लाइस



खीरे की फ्रेश स्लाइस लें। इसे फेस के साथ-साथ सन टैन प्रभावित क्षेत्रों पर हल्के हाथों से रगड़ें। लगाने के बाद तकरीबन 10 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। टैनिंग दूर हो जाएगी।

## हल्दी, बेसन और दही का पैक

दो चम्मच बेसन, दो चम्मच हल्दी पाउडर और दो चम्मच दही लें और इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने फेस और सन टैन प्रभावित बॉडी पार्ट्स पर लगाएं। तब तक लगा रहने दें, जब तक वह पूरी तरह से सूख न जाए। जब सूख जाए, तो पानी से धो लें।

## शहद और नींबू का पैक

दो चम्मच शहद और एक चम्मच नींबू का रस लें। इसे मिक्स करके तकरीबन 15 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। अब पानी से धो लें। टैनिंग दूर करने का यह सबसे आसान तरीका है।

## कच्चा दूध

थोड़ा सा कॉटन ले लें और बिना उबले हुए कच्चे दूध में कॉटन को भिगोएं और इसे फेस पर लगाएं। इसे 10 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। फिर चेहरे को पानी से धो लें।

# बच्चे का वेट बढ़ने में पैरंट्स का होता है इंपॉर्टेंट रोल

अक्सर ही खुद और बच्चे के वेट को लेकर टेंशन हो जाती है कि लगातार वजन कैसे बढ़ता ही जा रहा है लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चे के वेट बढ़ने में पैरंट्स का इंपॉर्टेंट रोल होता है। हाल ही में इसपर एक स्टडी भी सामने आई। आइए जानते है.

अक्सर ही यह देखा गया है कि परिवार में अगर कोई एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है तो दूसरों का भी वजन बढ़ता ही जाता है। हालांकि अधिकतर यह पैरंट्स और बच्चों में देखने को मिलता है। यानी कि जिन पैरंट्स का वेट ज्यादा होता है उनके बच्चों का भी वजन बढ़ता ही जाता है। वहीं पैरंट्स इस बात को लेकर खासे परेशान नजर आते हैं कि कैसे बच्चे का वजन कम हो। हाल ही में ऐसे मामलों पर की गई स्टडी से यह बात सामने आई है कि कैसे अपनी लाइफस्टाइल में कुछ तब्दीलियां लाकर पैरंट्स अपने साथ ही बच्चों के वेट बढ़ने पर नियंत्रण कर सकते हैं। स्टडी के मुताबिक पैरंट्स बच्चों को जो भी खिलाते हैं बच्चे वह खाते जाते हैं। इससे उनका वजन बढ़ने लगता है। लेकिन अगर आप अपने बच्चे को हेल्दी खाने और अच्छी आदतों के अनुसार ढालते हैं तो वह वजन बढ़ने की समस्या से निजात पा सकता है। शोधकर्ताओं ने इसके लिए (डिवलेपिंग रिलेशनशिप्स दैट इन्क्लूड वैल्यूज ऑफ इटिंग ऐंड एक्सरसाइज) रिसर्च किया। यानी कि खाने और एक्सरसाइज के जरिए बच्चों और उनके पैरंट्स को बढ़े हुए वजन को नियंत्रित या कम करने के लिए प्रेरित किया। इस बारे में अमेरिका के लुसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसचर्स केली हॉकिन्स और कॉर्बी के मार्टिन कहते हैं कि बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव उनके माता-पिता का ही पड़ता है।

## रिसर्च में 16 परिवारों पर हुई स्टडी

पैरंट्स और उनके बच्चों के बढ़ते वजन को कैसे नियंत्रित और कम किया जा सके इसके लिए 16 परिवारों को 19 सप्ताह तक ऑब्जर्व किया गया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपनी और बच्चों की लाइफस्टाइल में शामिल करने की बात कही गई थी। इसके बाद स्टडी में 2 से 6 साल के बच्चों का बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) 75प्रतिशत से अधिक पाया गया। बता दें कि (डिवलेपिंग रिलेशनशिप्स दैट इन्क्लूड वैल्यूज ऑफ इटिंग ऐंड एक्सरसाइज) के सेशन्स में यह बात सामने आई कि इसमें नियमित स्नैक और खाने के साथ ही फिजिकल ऐक्टिविटीज के होने से बच्चों के बीएमआई में कमी देखी गई। साथ ही उनका वजन भी नियंत्रित था। वहीं पैरंट्स के वजन में भी थोड़ी तब्दीलियां देखने को मिलीं। लेकिन जिन बच्चों को ड्राइव के सेशन में शामिल नहीं किया गया केवल जानकारी ही दी गई थी उनके वजन में वृद्धि दर्ज की गई। शोधकर्ताओं के मुताबिक संयमित, नियमित खानपान और एक्सरसाइज से खुद और बच्चे दोनों के ही वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।



# बालों से डैंड्रफ दूर करने के लिए लगाएं टमाटर का जूस

टमाटर प्रकृति का दिया एक ऐसा उपहार हैं जो एंटीऑक्सीडेंट्स और विटमिन से भरपूर है। टमाटर खाना सेहत ले लिए लाभदायक है और इसे चेहरे पर लगाने से स्किन हेल्दी बनती है। इतना ही नहीं अगर आप इसे अपने बालों पर लगाएंगे तो रुखे और बेजान बाल चमकदार और रेशमी हो जाएंगे। आइए, यहां जानते हैं कि टमाटर का जूस बालों पर लगाने से क्या-क्या फायदे होते हैं.

- टमाटर का जूस बालों पर लगाने से बालों का टेक्चर स्मूद होता है और बालों की शाइनिंग में बढ़ती है।
- टमाटर का जूस बालों में पीएच लेवल बैलंस करता है, जिससे रुखे और बेजान बालों में वॉल्यूम आ जाता है।
- टमाटर में बड़ी मात्रा में विटमिन ए और विटमिन सी होता है। इसके जूस को बालों पर लगाने से बालों की स्कल्प को मजबूती मिलती है।
- टमाटर का जूस लगाने से बालों में मजबूती आती है और बाल जल्दी से दोमुहे नहीं होते हैं। साथ ही ग्रोथ अच्छी बनी रहती है।

## ऐसे बनाएं कंप्लीट पैक

अगर आपके बालों में डाईनेस बहुत ज्यादा हो गई है और डैंड्रफ से भी परेशान हैं तो टमाटर के जूस में शहद मिलाकर हेयर मास्क बनाकर बालों पर लगाएं। आधा घंटा लगाए रखने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। हो सकता है लगाने के तुरंत बाद आपको सिर में हल्की जलन महसूस हो या खुजली हो लेकिन आप परेशान न हों। ऐसा टमाटर में एसिडिक प्रॉपर्टी होने के कारण होता है।



आज के जमाने में शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा जो डियोड्रेंट और परफ्यूम का इस्तेमाल न करता हो। फिर चाहे आपकी एज कुछ भी हो और आप महिला हों या पुरुष इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता, हर कोई चाहता है कि उसके शरीर से अच्छी स्मेल आए। ऐसे में रोज, लैवेंडर और फ्रूटी स्मेल से भरपूर डियोड्रेंट और परफ्यूम गर्मी के दिनों में पसीने की बदबू से लड़ने में मदद करते हैं।



# घर में छोटे बच्चे हैं तो परफ्यूम और डियोड्रेंट यूज करते वक्त बरतें सावधानी

बॉटल पर लिखे निर्देशों का पालन न करने से नुकसान
हालांकि इन परफ्यूम्स और डियोड्रेंट्स का इस्तेमाल करते वक्त जिस एक चीज का हम सब ध्यान नहीं रखते वह है बॉटल पर लिखे निर्देशों का पालन करना जो कई बार हानिकारक साबित हो सकता है। हाल ही में हुई एक स्टडी में यह बात साबित भी हो चुकी है कि बच्चों को लगने वाली चोट में 12.7 प्रतिशत चोटें पर्सनल केयर प्रॉडक्ट्स की वजह से लगती हैं जिनमें खुशबू और सुगंध से जुड़ी परफ्यूम और डियोड्रेंट जैसी चीजें शामिल हैं। इस तरह की चीजें बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो सकती हैं इसलिए इनका इस्तेमाल करते वक्त माता-पिता को भी काफी सावधानी बरतनी चाहिए।

## इन चीजों को छोटे बच्चों की पहुंच से दूर रखें

परफ्यूम और डियोड्रेंट जैसी चीजों को बच्चों की पहुंच से बहुत दूर रखें क्योंकि अगर बच्चे गलती से भी इन्हें अपनी आंख, नाक, कान या मुंह में स्प्रे कर लें तो यह बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इतना ही नहीं अगर घर में बहुत ज्यादा छोटे बच्चे हैं तब भी पैरंट्स को बहुत ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए वरना बच्चों द्वारा इन चीजों की बॉटल, ढक्कन आदि चीजों को मुंह में लेने की वजह से चोकिंग का भी खतरा रहता है।

## बच्चे अगर यूज करें तो सेहत से जुड़ी समस्याओं का खतरा

अगर आपके घर में 13 से 17 साल के बीच के किशोर हैं तो उनमें संगी-साथियों के प्रेशर की वजह से समस्याएं अलग होती हैं। बड़े बच्चे खुद भी अच्छा स्मेल करने के लिए इन प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहते हैं। ऐसे में छोटी उम्र में परफ्यूम या डियोड्रेंट का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने की वजह से बच्चों में फिजिकल हेल्थ से जुड़ी कई तरह की समस्याएं भी हो सकती हैं। साथ ही बच्चे बॉटल पर लिखे निर्देश पढ़े बिना इसे सीधे स्किन पर स्प्रे कर लेते हैं जिससे उन्हें स्किन एलर्जी, रिऐक्शन, अस्थमा और सांस लेने में दिक्कत जैसी कई समस्याएं भी हो सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला सुरक्षा को लेकर दौसा पुलिस ने चलाया व्यापक जागरूकता अभियान

- स्कूल-कॉलेजों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध, नए कानून और हेल्पलाइन की दी जानकारी



**चमकता राजस्थान** दौसा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर दौसा पुलिस की ओर से चलाए जा रहे 'सशक्त महिला, सुरक्षित समाज' अभियान के तहत शुक्रवार को जिलेभर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित, आईपीएस के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं छात्राओं को महिला अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ साइबर अपराधों से बचाव और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### गाजे-बाजे के साथ गणपति विसर्जन

**चमकता राजस्थान** बीकानेर। यहां सुर्दशना नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क मे विराजित गणपति का विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया गया। सुर्दशना नगर महिला विकास समिति की ओर से आयोजित पांच दिवसीय गणेश उत्सव में विभिन्न धार्मिक आयोजन व भक्ति संगीत कार्यक्रम आयोजित हुए। समिति की पूजा देवडा ने बताया कि विसर्जन में बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल होकर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ.. के जयकारों के साथ गणपतिजी को विदाई दी। समिति की भावना जांगिड ने बताया, विसर्जन यात्रा सुर्दशना नगर से रवाना होकर देवीकुंड सागर तालाब पहुंचकर बप्पा को श्रद्धा भक्ति के साथ विदाई की।



### विकसित भारत जन सेवा अभियान को लेकर बैठक आयोजित.......... अबतक बंटी भाई कोठारी पत्रकार



**चमकता राजस्थान** धरियावद। विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026 के तहत ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले ग्रामिण सेवा शिविरों की तैयारियों को लेकर उपखंड अधिकारी संदीप बेरड, तहसीलदार दीपिका कटारा एवं विकास अधिकारी सुनील कुमार जोशी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली।

बैठक में आगामी 19 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने, आवशयक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान शिविरों में आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने एवं पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर भी चर्चा की गई।

# महिला सशक्तिकरण के लिए 120 महिलाओं को वित्तीय व डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाता : रामदास तरुण बाड़ी। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें डिजिटल एवं वित्तीय सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से भावी निर्माण सोसाइटी द्वारा CII Foundation एवं अप्रवा के सहयोग से महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता एवं महिला उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर भवन, बाड़ी में किया गया, जिसमें लगभग 120 महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से छोटे स्तर पर व्यवसाय अथवा स्वरोजगार संचालित कर रही महिला उद्यमियों को आमंत्रित किया गया। उन्हें अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप देने, उसका विस्तार करने तथा आय बढ़ाने के लिए MSME/उद्यम रजिस्ट्रेशन के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन से व्यवसाय को औपचारिक पहचान मिलने के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं, ऋण एवं वित्तीय सहायता से जुड़ने के अवसर मिलते हैं।प्रशिक्षण के दौरान मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को परियोजना रिपोर्ट तैयार करने, लोन के लिए आवेदन करने तथा अपने व्यवसाय की आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त योजना का चयन करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता सत्र में बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन लेन-देन, वढक और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया एवं WhatsApp Business के माध्यम से उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग, ऑनलाइन ऑर्डर और नए ग्राहकों तक पहुंच बनाने के तरीके बताए गए। महिला लीडर प्रेमवती ने साइबर अपराध से बचाव के लिए OTP, PIN, बैंकिंग पासवर्ड, संदिग्ध लिंक, फर्जी कॉल, फर्जी कस्टमर केयर नंबर एवं ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की जानकारी दी।




ई-मित्र संचालक अनार सिंह ने उद्यम/MSME रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया एवं लाभों की जानकारी दी। वहीं संदर्भ व्यक्ति राकेश कुमार ने महिला किसानों एवं लघु किसानों को केंद्र एवं राजस्थान सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उन्हें सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय संसाधनों से जोड़ना तथा उनके छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराना रहा।

संस्था सचिव गिरिराज शर्मा और रमा शर्मा द्वारा प्रशिक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता देते हुय सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हनुमानगढ़ में धारव हाई स्कूल का विशेष पेरेंट्स इन्फॉर्मेशन सेशन : शैक्षणिक दर्शन, वीकली बोर्डिंग सहित विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी

चमकता राजस्थान

हनुमानगढ़। धारव हाई स्कूल जयपुर ने शनिवार को होटल बैंड इन, हनुमानगढ़ में भावी अभिभावकों के लिए एक विशेष पेरेंट्स इन्फॉर्मेशन सेशन आयोजित किया। इस सत्र में स्कूल की लीडरशिप और एडमिशंस टीम ने परिवारों के साथ संवाद किया और उन्हें धारव के शैक्षणिक दर्शन, वीकली बोर्डिंग, कौशल-आधारित शिक्षा, स्टेम कार्यक्रमों तथा कक्षा से परे विद्यार्थियों के सीखने और विकास के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी। सत्र का प्रमुख आकर्षण धारव में स्टेम कार्यक्रमों और अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के माध्यम से कौशल-आधारित शिक्षा पर विशेष जोर रहा। एटीएल में विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों और तकनीकों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जिससे वे केवल अवधारणाओं को समझने तक सीमित न रहकर उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में लागू करना सीखते हैं। विद्यार्थी रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, को डिंग, 3डी डिजाइन और प्रोटोटाइपिंग जैसे क्षेत्रों में काम करते हुए रोजमर्रा की चुनौतियों को नए दृष्टिकोण से देखने और उनके समाधान तलाशने का प्रयास करते हैं। अभिभावकों को धारव के विशिष्ट वीकली बोर्डिंग मॉडल के बारे में भी जानकारी दी गई, जो शिक्षा, मनोरंजन, फिटनेस, खेल, अनुशासन और व्यक्तिगत विकास के बीच संतुलन स्थापित करने पर केंद्रित है।




देवयानी जयपुरिया, चेयरपर्सन, धारव हाई स्कूल, ने कहा, धारव में हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी केवल आज के अवसरों के लिए नहीं, बल्कि आने वाली चुनौतियों के लिए भी तैयार हों। डॉ. अदिति मिश्र, डायरेक्टर, धारव हाई स्कूल, ने कहा, हमारा वीकली बोर्डिंग मॉडल विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता के साथ अपने परिवारों से जुड़े रहने का संतुलन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। उल्लेखनयी है कि धारव हाई स्कूल के तीन कैंपस हैं। जयपुर में दो, विद्याधर नगर व अजमेर रोड में तथा एक गुरुग्राम में। जो विद्यार्थियों को ज्ञान, चरित्र और आत्मविश्वास से सशक्त बनाती है तथा उन्हें तेजी से बदलती वैश्विक दुनिया में सफलता के लिए तैयार करती है।

## अंतिम सफर में भी बेबसी और अपमान का दंशः रामगढ़ मुराडा में कुंभकर्णी नींद सोई ग्राम पंचायत

- **मूसलाधार बारिश में भीगती चिता पर अंतिम विदाई देने को मजबूर ग्रामीण**
- **जिम्मेदारों की संवेदनहीनता पर फूटा जनआक्रोशः श्मशान घाट पर टीनशेड का काम सालों से अधूरा, सरपंच और सेक्रेटरी की चुप्पी से ग्रामीणों में उबल रहा गुस्सा**

चमकता राजस्थान

रामगढ़ मुराडा / गंगापुर सिटीः इंसान अपनी पूरी जिंदगी व्यवस्थाओं की लाचारी, अनदेखी और हुक्मरानों की बेरुखी से लड़ते हुए गुजार देता है, लेकिन रामगढ़ मुराडा में पंचायती राज तंत्र की नाकामी का आलम यह है कि मरने के बाद भी इंसान को दो गज सूखी जमीन और सम्मानजनक अंतिम विदाई तक नसीब नहीं हो रही है। विकास के बड़े-बड़े ढोल पीटने वाले ग्राम पंचायत प्रशासन की पोल उस वक्त पूरी तरह खुल गई, जब श्मशान घाट पर मूसलाधार बारिश के बीच ग्रामीणों को खुले आसमान के नीचे एक शव का दाह संस्कार करना पड़ा। छत पर टीन की चादरें न होने से एक तरफ आसमान से पानी बरसता रहा, दूसरी ओर ग्रामीण भीगती चिता को बचाने के लिए हाथ-पैर मारते रहे। यह अमानवीय और रूह कंपा देने वाला दृश्य देखकर हर ग्रामीण की आँखें नम और गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया।



बारिश के थपेड़ों के बीच जलती चिता, पन्नी और छातों की ओट में अंतिम संस्कार

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाल ही में जब गाँव में एक शव को अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम ले जाया गया, तो मौसम का मिजाज बिगड़ गया और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

श्मशान घाट पर टीनशेड की छत का कोई नामोनिशान नहीं था; केवल लोहे के खाली ढांचे खड़े मुँह चिढ़ा रहे थे।

## पंचायत समिति डग में विकसित भारत जन सेवा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 का शुभारंभ



**चमकता राजस्थान** पंचायत समिति डग में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय विकसित भारत जन सेवा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर विधायक मेघवाल ने कहा कि इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं,सेवाओं एवं नागरिक सुविधाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि तीन प्रमुख अभियान चलाए जा रहे हैं -

### विकसित भारत जन सेवा शिविर : 19 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक

- **स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 : 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक**
- **विकसित भारत जन सेवा अभियान : 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक**

इन अभियानों के माध्यम से जनसेवा,स्वच्छता,जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।शिविरों में आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना,आयुष्मान भारत,उज्ज्वला योजना,पेंशन योजनाओं सहित अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी तथा आवशयक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।विधायक मेघवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं,बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ एवं विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि इन जनसेवा एवं स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें,शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान दें।

## अवैध देशी कट्टे के साथ वांछित आरोपी गिरफ्तार, हत्या के मामले में था फरार

- **टोडाभीम में हत्या के बाद जयपुर भागा था आरोपी, मंडावरी पुलिस ने बिनौरी तिबारे के पास दबोचा**

**चमकता राजस्थान** दौसा। मंडावरी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध युवक बिनौरी मोड़ से आगे बिनौरी रोड पर तिबारे के पास खड़ा है और उसने पेंट के अंदर हथियार छिपा रखा है। सूचना पर थानाधिकारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान शैलेन्द्र कुमार उर्फ कबीर मीना (20) पुत्र ओमप्रकाश मीना निवासी सायपुर, थाना बालाहेड़ी, जिला दौसा के रूप में हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के प्रकरण में वांछित है। पुलिस के अनुसार फोन पर हुई गाली-गलौज के विवाद के बाद आरोपी अपने तीन साथियों के साथ मिलकर 17 सितंबर की रात सरसेना निवासी मोहन सिंह उर्फ सिद्ध मीणा को स्कॉर्पियो से अगवा कर साकरवाड़ा की पहाड़ियों में ले गया था। वहां मारपीट के दौरान मोहन सिंह की मौत होने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आरोपी अवैध हथियार लेकर जयपुर चला गया और वहां से अलग-अलग हो गया था।

# 19 से 25 सितम्बर तक पांचों पंचायत समितियों में लगेंगे विशेष जनसेवा शिविर

## सेवा सेतु अभियान के शिविरों की तैयारियों की जिला कलक्टर ने की समीक्षा

चमकता राजस्थान

ब्यावर। विकसित भारतझजन सेवा अभियान-2026 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले की सभी पांच पंचायत समितियों में 19 से 25 सितम्बर तक 'सेवा सेतु अभियान' के तहत विशेष जनसेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर जिला कलक्टर कमल राम मीना ने शनिवार को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक आवशयक दस्तावेजों एवं सूचनाओं के साथ उपस्थित रहें तथा आमजन की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करें।




- **एक ही स्थान पर मिलेगी विभिन्न विभागों की सेवाएं**

जिला कलक्टर ने कहा कि सेवा सेतु शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शिविरों को प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाएं। शिविरों में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, ऊर्जा, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, श्रम, जल संसाधन, परिवहन, सहकारिता, शिक्षा, सैनिक कल्याण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी।

## विकसित भारत जन सेवा अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**चमकता राजस्थान** धरियावद। विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026 के तहत ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले ग्रामिण सेवा शिविरों की तैयारियों को लेकर उपखंड अधिकारी संदीप बेरड, तहसीलदार दीपिका कटारा एवं विकास अधिकारी सुनील कुमार जोशी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी 19 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने, आवशयक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान शिविरों में आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने एवं पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर भी चर्चा की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929